हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

11 मद्यपान व नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए लोगों को किया जागरूक



11 नृत्य कला मंदिर डांडिया नाइट्स 2024 में शामिल हुए विधायक ललित





# बसों में छेड़खानी और बदमाशी को बटन दबाते ही पलभर में पकड़ेगी पुलिस

राहुल शर्मा ⏭ दुर्ग

राज्य शासन के परिवहन विभाग द्वारा जिले में संचालित होने वाले सार्वजनिक बसों में पैनिक बटन और डिवाइस सिस्टम लगाने के निर्देश बस संचालको को दिए है। इस डिवाइस और पैनिक बटन के लगने से बसों में होने वाले गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी। इसकी लाइव मानिटरिंग के लिए नया रायपुर में कंट्रोल रूप बनाया गया है। बसों में लगे लाल कलर के पैनिक बटन दबाने के बाद इसकी बीप कंट्रोल रूम तक सुनाई देगी, वही से तत्काल थाना से पुलिस बल भेजकर कार्यवाही की जा सकेगी। जानकारी अनुसार जिले में तीन सौ प्राइवेट बसे, जो परमिटेड है और साढ़े पांच सौ बसे स्कूलों में संचालित हो रहे है। इन सभी बसों में पैनिक बटन अनिवार्य रूप से लगाए जाने है। इसके लिए आरटीओ विभाग द्वारा सभी संचालको को सक्त निर्देश जारी किए गए है। राज्य शासन द्वारा इस आशय का निर्देश भी दिया गया था। हांलाकि यह अधिसूचना वर्ष 2016 से जारी है। लेकिन वर्तमान सरकार ने इस नियम को अक्टूबर माह में ही लागू कर दिया है। जिसके बाद बस में यात्रियों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन के हाथों में होगी। छत्तीसगढ़ में लंबी और छोटी दूरी की सभी यात्री बसों में जीपीएस सिस्टम (डिवाइस) के साथ-साथ पहली बार पैनिक बटन भी लगाए जाएंगे। बटन दबाते ही डायल-112 के कंट्रोल रूम में खतरे का अलार्म बजने लगेगा। अलार्म किस बस में बजाया गया है? बस उस समय कहां से गुजर रही है? ये सारी जानकारी अलार्म बजने के साथ ही कंट्रोल रूम की स्क्रीन पर नजर आने लगेगी। कंट्रोल रूम से उसी बस के ड्राइवर-कंडक्टर संपर्क कर स्थिति जानकारी ली जाएगी। यदि उनसे संपर्क नहीं हुआ तो उस इलाके के करीबी थाने को सूचना देकर मदद भेजी जाएगी। परिवहन विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है।

अलग खबर

### स्कूल बसों में पहले ही लगे जीपीएस

दुर्ग में करीब साढे पांच सौ बस स्कूलों में संचालित हो रही है। इन बसों में आरटीओ विभाग द्वारा पहले ही जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए गए थे। अफसरों का कहना है कि, इन बसों में जीपीएस सिस्टम लगाए गए है। वही पैनिक बटन यहां नही लगे है। ऐसे में स्कूल बसों में भी पैनिक बटन लगाए जाएंगे। ताकि बच्चों की सुरक्षा को लेकर कंट्रोल रूप से लाइव मानिटरिंग हो सके। अफसरों ने बताया कि, डिवाइस कंट्रोल रूम में कनेक्ट रहेगी, इससे मौके की लाइव जानकारी मिल सकेगी।

## सार्वजनिक बसों में लगाने होगें पैनिक बटन और डिवाइस सिस्टम



### निर्देश दिए

राज्य शासन से पत्र प्राप्त होने के बाद सभी बस संचालको को सूचित कर दिया गया है। सभी बस में पैनिक बटन और डिवाइस लगाना अनिवार्य किया गया है।

**एसएल लकरा,** परिवहन अधिकारी दुर्ग

### संचालकों की होगी जिम्मेवारी

आरटीओ विभाग के अफसरों ने बताया कि, राज्य शासन से चार अक्टूबर को निर्देश मिले है। जिसके बाद जिले के सभी तीन सौ से अधिक बस संचालको को सूचित कर दिया गया है। संचालको को पैनिक बटन के साथ डिवाइस लगाना जरूरी है। इस तरह स्कूल और निजी बस मिलाकर करीब एक हजार की संख्या शामिल हैं। कंट्रोल रूम से यह पता चल जाएगा कि, कौन सी बस कहां और कितनी स्पीड पर चल रही है, ये कंट्रोल के स्टाफ देख सकेंगे। बस में किसी तरह की छेड़छाड़ होने पर पैनिक बटन दबाने से मदद के लिए तत्काल हाइवे पेट्रोलिंग या फिर स्थानीय पुलिस पहुंचेगी। हालांकि इसे दो साल पहले शुरू करना था, लेकिन अब इसे शुरू किया जा रहा है।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### ज्योत जंवारा और देवी प्रतिमाओं का विसर्जन की तैयारी

# नदी-डेम में रहेंगे गोताखोर तैनात तालाबों की साफ-सफाई भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नवरात्र पर्व अंतिम दौर में है। ट्विनसिटी के पंडालों में मां दुर्गा देवी विराजमान है। शुक्रवार को हवन और नव कन्या पूजन होना है। उसके बाद मंदिरों और पंडालों से ज्योत जंवारा और देवी प्रतिमा का विसर्जन होना है। प्रशासन ने निगमों को हिदायत दी है कि विसर्जन के दौरान नदी, डेम और तालाबों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करें।

### गोताखोर भी रहेंगे तैनात

नदी, डेम व तालाब में गोताखोर भी तैनात रहेंगे। रात्रि में विसर्जन के दौरान आम तौर पर कोई अनहोनी न हो इसके लिए विसर्जन स्थल पर पुलिस की भी ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस ऐसे लोगों पर नजर रखेगी जो विसर्जन के समय नदी या डेम की गहराई में चले जाते हैं और इससे अनहोनी हो जाती है। हर साल ऐसा भी वाक्या होता आया है कि जिन्हे तैरना नहीं आता वे भी पानी में उतर जाते हैं। डूब जाते हैं या बह जाते हैं।



### बड़ी प्रतिमाएं दशहरा के बाद होगी विसर्जित

ट्विनसिटी में दो दर्जन दुर्गा पंडाल ऐसे हैं जहां दुर्गा देवी की बड़ी प्रतिमाएं विराजमान हैं। हवन-पूजन के बाद भी इन देवी प्रतिमाओं का विसर्जन दशहरा के दिन और उसके बाद तक जारी रहेगी। छोटी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार की शाम से शुरू हो जाएगा। प्रशासन द्वारा आयोजन समितियों को यह हिदायत दी गई है कि वे पूरी तैयारी के साथ प्रतिमाएं विसर्जित करें।

### विसर्जन स्थलों में सुरक्षा के इंतजाम

बड़ी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन तालपुरी, शिवनाथ नदी, मरोदा डेम, भिलाई तीन बड़े तालाब आदि में होते हैं। देर रात तक देवी प्रतिमाओं का विसर्जन होता आया है। इसके मद्देनजर नदी, डेम व तालाबों में सुरक्षा के इंतजाम करवाए जा रहे हैं। मसलन यहां पर्याप्त रोशनी करने अस्थाई लाइट लगाई जानी है।

### पर्यावरण का विशेष ख्याल, कचरा न हो

नदी, डेम व तालाबों में विसर्जन के बाद प्रदूषण की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसे देखते हुए प्रशासन ने कहा है कि झिल्ली, कचरा, फूल आदि सामग्री की तत्काल साफ-सफाई हो, इसके लिए संबंधित नगरीय निकायों को कहा गया है। एनजीटी का आदेश का पालन करवाने का मकसद है।

### नए आयुक्त ने व्यवस्था का लिया जायजा



**भिलाई।** नपालिका निगम भिलाई अपने क्षेत्र के तालाबों में सफाई व लाईट व्यवस्था करने में जुट गया है। जंवारा विसर्जन के लिए तालाबों की साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने का आदेश आयुक्त हितेश पिस्ता ने दिए हैं। जिससे भक्तजन श्रद्धा पूर्वक ज्योति विसर्जन कर सकें। जिन तालाबों पर दुर्गा प्रतिमा प्रतिमाएं विसर्जित की जाती हैं वहां पर भी साफ सफाई एवं लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए सभी जोन की कमिश्नर एवं जोन के स्वास्थ्य अधिकारी इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ज्योत जंवारा व दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करें। रावण दहन स्थल पर भी पूरी व्यवस्थाएं की जा रही है।

### सबसे ज्यादा ज्योत जंवारा का विसर्जन

भिलाई-दुर्ग के मंदिरों में सबसे ज्यादा ज्योत जंवारा हैं। श्रद्धालु अपने पास के मंदिरों में मनोकामना ज्योत जलाए हुए हैं। शीतला मंदिर सिविल लाइन, चंडी मंदिर मठपारा दुर्ग, सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर सहित सैकड़ों मंदिरों व ज्योति कलश प्रज्जवलित हो रहे हैं। इसी तरह भिलाई में रिसाली, मरोदा, रूआबांधा, कैंप,रामनगर, वैशालीनगर, छावनी, सुपेला सहित सेक्टर एरिया के मंदिरों में ज्योति कलश और जंवारा की स्थापना की गई है। ज्योत जंवारा पास के ही तालाबों में विसर्जन किया जाना है। इसलिए तालाबों की साफ सफाई और सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

पाटन में खुले एडीजे कोर्ट का पहला फैसला

# पत्नी की हत्या पर आरोपी पति को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक में एडीजे कोर्ट खुलने के बाद पहला फैसला आया है। एडीजे की कोर्ट ने एक शादीशुदा महिला को अपनी पत्नी बनाकर रखने के बाद हत्या करने के मामले में आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा दी है। आरोपी ने डंडे, ईंट और स्टील के झारा से मार-मार कर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी को 5 हजार रुपए अर्थदंड भी देने होंगे।



■ गवाही में मृतिका की बेटी की रही शामिल

### दो साल से मृतिका रह रही थी आरोपी के साथ

आरोपी पाटन ब्लॉक के बोरिद गांव थाना रनचिरई निवासी 30 वर्षीय राजू बारले है। प्रकरण के मुताबिक आरोपी राजू बारले ने 18 जून 2020 को दोपहर 12 से एक बजे के बीच घटना को अंजाम दिया। उसने अपनी पत्नी बनाकर रिंकी सिन्हा को दो साल से रखा था। रिंकी सिन्हा पहले से ही शादीशुदा थी और अपने पहले पति व बच्चे को छोड़ कर आरोपी राजू के साथ रह रही थी।

### 12 लोगों ने आरोपी के खिलाफ दी गवाही

कोर्ट ने इस प्रकरण की सुनवाई में 12 लोगों की गवाही के आधार पर अपना निर्णय सुनाया। इन गवाहों ने आरोपी राजू के खिलाफ गवाही दी लेकिन आरोपी अपने पक्ष में एक भी गवाह का परीक्षण नहीं करा पाया। जिसकी वजह से आरोपी अकेला पड़ गया।

### डॉक्टरी रिपोर्ट में मौत अत्यधिक रक्तस्राव से

कोर्ट में मृतका रिकीं सिन्हा का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक की रिपोर्ट भी महत्वपूर्ण रही। डॉक्टरी रिपोर्ट में मृतिका की मौत अत्यधिक रक्तस्राव की वजह से हुई। मृतिका की छोटी व बड़ी आंत चोंट की वजह से फट गई थी।

बीएसपी में दुर्घटना

# दो क्रेन टकराई एक श्रमिक की मौत, मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस 3 में दो क्रेन के आपस में टक्कर होने से दुर्घटना में ठेका मजदूर बसंत कुमार साहू की मौक पर ही मौत हो गई। मृतक प्रोटेक्टिव इंजीनियरिंग प्राईवेट लि. का ठेका मजदूर था। मृतक मजदूर के परिवार के सहयोग के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर उसके परिवार के एक सदस्य के लिए अनुकंपा नियुक्ति के लिए चर्चा की और ठेका कंपनी प्रोटेक्टिव इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड से चर्चा कर उनके परिवार को सहयोग के रूप में 3 लाख की राशि एवं दुर्घटना बीमा के तहत 10 लाख रुपए की राशि ईएसआईसी से पेंशन एवं अनुदान राशि दी जायेगी। यूनियन के महासचिव संजय साहू द्वारा चर्चा के बाद बीएसपी प्रबंधन के सहायक महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध रोहित हरित द्वारा प्रबंधन द्वारा अनुकंपा नियुक्ति का ऑफर लेटर दिया गया। ठेका कंपनी 3 लाख की राशि दी गई। परिवार के सदस्यों पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल लेकर गए। परिवार के सहयोग के लिए स्टील झकास श्रमिक यूनियन इंटक की ओर से संजय कुमार साहू सीपी वर्मा आर दिनेश जसबीर सिंह उपस्थित थे।



■ स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक व बीएमएस ने की प्रबंधन से चर्चा

# आपसी रंजिश में युवक की हत्या, 3 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आपसी रंजिश के चलते पुरई निवासी द्वारिका सिन्हा (36) साल की हत्या हो गई। आरोपी नेवई निवासी टोपू उर्फ किशन राजपूत स्टेशन मरोदा निवासी गणेश नायक और जय सिंह बांधे थे। पुलिस ने इन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी के मुताबिक घटना 9 अक्टूबर की रात 8:30 बजे की है। तीनों आरोपी पुरई गांव के खाली जगह पर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान द्वारिका सिन्हा आ पहुंचा। द्वारिका और मुख्य आरोपी टोपू के बीच पुरानी रंजिश रही है। दोनों का विवाद इतना बढ़ गया कि सिन्हा की हत्या हो गई। आरोपी गणेश व जय सिंह ने भी मृतक द्वारिका को पकड़ लिया। मुख्य आरोपी टोपू ने रॉड से द्वारिका के सिर पर जोरदार प्रहार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंची और उसे उतई अस्पताल पहुंचाया जहां द्वारिका को डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। पुलिस के मुताबिक मृतक द्वारिका आरोपी टोपू को अपनी पत्नी से बातचीत करने के लिए मना करता था।

### आई लव यू भिलाई...सूखे ग्रीन पॉट में आई हरियाली




भिलाई। सेक्टर-5 चौक फिर से आई लव यू भिलाई का संदेश दे रहा है। पिछले दिनों यहां पर लगे ग्रीन पॉट सूख गए थे। अब फिर से ये लगाए गए है। जिससे चौक की सुंदरता भी बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप

### चापड़ लेकर लोगों को डराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** भिलाई विद्यालय के गेट के पास चापड़ लेकर लोगों को डराते-धमकाते व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस को खबर मिली थी कि घटना स्थल पर एक दुबला पतला लड़का धारदार कटार को हाथ में लेकर लहरा रहा है। लोगों को डरा-धमका रहा है। इसके बाद घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। आरोपी का नाम मिथिलेश पिता बच्चूराम पाठक उम्र 42 वर्ष जोन 02 खुर्सीपार बताया गया है। आरोपी के विरुद्ध 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज गिया गया है। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

जनजातीय आजीविका का विकास और वन संरक्षण पर पहल

# साल पेड़ों के रेजिन टैपिंग पर शोध में जुटा शिवम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ में साल के पेड़ों में मौजूद रेजिन पर शोध किए जा रहे हैं। भिलाई के शोधकर्ता शिवम भारद्वाज ने प्रदेश की जनजातीय समुदायों के लिए रेजिन से वैकल्पिक आय के स्त्रोत विकसित करने के मकसद से इस पर शोध करने में जुटा हुआ है।

इस शोध में बतौर सलाहकार वन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. सरिता बोदलकर और प्राध्यापक वन विभाग डॉ. आर.के. प्रजापति योगदान दे रहे।

### शोध के प्रमुख उद्देश्य

शोधकर्ता शिवम ने बताया कि शोध का प्रमुख मकसद जनजातीय समुदायों के लिए वैकल्पिक आय स्रोत विकसित करना है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था भी सशक्त बना सकते हैं। रेजिन के उच्च वाणिज्यिक मूल्य का अधिकतम उपयोग करना है जो खाद्य, औषधि, और कॉस्मेटिक्स में महत्वपूर्ण है। वन भी संरक्षति होंगे। अस्थायी टैपिंग प्रथाओं के कारण होने वाले वन अवनति को रोकना और दीर्घकालिक वन स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है।



### शोध का ऐसा महत्व

छत्तीसगढ़ में साल के पेड़ों से रेजिन एक अप्रयुक्त संसाधन है, जबकि ये पेड़ प्रचुरता में मौजूद हैं। यह रेजिन, एक प्राकृतिक बायोपॉलीमर है, जिसका विभिन्न उद्योगों में उपयोग होता है, जिससे वन-निर्भर जनजातीय समुदायों को एक आर्थिक अवसर मिलता है। स्थानीय लोग जो वर्तमान टैपिंग विधियाँ अपनाते हैं, वे अनवैज्ञानिक हैं।

### पेड़ों पर इस तरह लगती है चीरें

इस अध्ययन में साल के पेड़ों पर तीन प्रकार की यांत्रिक चीरें लगाई जाती है। स्क्वायर, वी-आकार, और होल-आकार—बनाई गईं। स्क्वायर कट, जो 8 सेमी चौड़ी और 8 सेमी लंबी है, 2 सेमी गहराई के साथ पेड़ों के कंधे की ऊँचाई पर बढ़ई के चाकू से बनाई गई। वी-आकार की कटाई, 9 सेमी लंबी, 3 सेमी चौड़ी, और 1 सेमी गहरी, 1 मीटर की ऊँचाई पर बनाई गई। होल आकार की कटाई, 2.5 सेमी बाय 5 सेमी, ड्रिलर मशीन से 10-15 सेमी ऊँचाई पर बनाई गई।

रेजिन की पैदावार मई और फरवरी में अधिकतम देखी गई, जिसमें सबसे अधिक पैदावार 323.5 ग्राम वी-आकार की कटाई के साथ 30% इथेफॉन सांद्रता )का उपयोग करते हुए दर्ज की गई। स्क्वायर और वी-आकार की कटाइयाँ रेजिन उत्पादन को अधिकतम करने में प्रभावी साबित हुईं। 30% इथेफॉन का उपयोग विशेष रूप से बड़े व्यास वर्ग (60-75 सेमी) के पेड़ों में रेजिन के रिसाव को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। रेजिन की गुणवत्ता में, आर्द्रता का स्तर 1.23% और राख की मात्रा 5.19% मापी गई।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग



# नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

माँ दुर्गा अपने नौवें स्वरूप में
सिद्धिदात्री के नाम से जानी जाती है।


माँ सिद्धीदात्री










ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। माँ सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह हैं और इनका आसन कमल है। इनकी दाहिनी तरफ के नीचे वाले हाथ में गदा, ऊपर वाले हाथ में चक्र तथा बायीं तरफ के नीचे वाले हाथ में ऊपर वाले हाथ में शंख और नीचे वाले हाथ में कमल पुष्प है।

नवरात्री पूजन के 9वें दिन इनकी उपासना की जाती है. इस दिन माता सिद्धिदात्री की उपासना से उपासक की सभी सांसारिक इच्छायें व आवश्यकताएँ पूर्ण हो जाती हैं।

प्रत्येक मनुष्य का यह कर्त्तव्य है कि वह माँ सिद्धिदात्री की कृपा प्राप्त करने का निरन्तर प्रयत्न करें। उनकी आराधना की ओर अग्रसर हो। इनकी कृपा से अनन्त दुःख रूप संसार से निर्लिप्त रहकर सारे सुखों का भोग करता हुआ वह मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।

नव दुर्गाओं में माँ सिद्धिदात्री अंतिम है। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा-उपासना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त दुर्गा-पूजा के नवें दिन इनकी उपासना में प्रवृत्त होते है।






## खबर संक्षेप



### देवरी में 45 हजार रुपये का गांजा पकड़ाया

**धमधा।** लंबे समय बेखौफ होकर अवैध गांजा बेचने वाले आरोपी महिला को पकड़ने में धमधा पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी महिला के घर से 4 किलो 722 ग्राम गांजा कीमत 45000 एवं बिक्री की रकम 1150 रुपये को जप्त कर कार्यवाही कर रही है। धमधा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी की महिला गनेशिया बाई साहू पति स्व. संतोष साहू उम्र 34 वर्ष साकिन देवरी को मुखबिर की सूचना पर अवैध गांजा बेचते पकड़ने में धमधा पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। आरोपी महिला के खिलाफ 20(ख), 27 (a) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी पीडी चन्द्रा, सउपनि नरेंद्र सिंह, आरक्षक दिनेश डहरिया, प्रशान्त साहू, जितेंद्र धीवर, गोवर्धन चौहान, विमल साहू की सक्रियता भूमिका रही।

### धौराभांठा में दशहरा कल

**सेलूद।** किसान नेता राकेश ठाकुर के संयोजन में प्रतिवर्ष धौंराभांठा में होने वाले आयोजन विजयादशमी (दशहरा) पर्व इस बार 12 अक्टूबर को किया गया है। मुख्य आयोजक किसान नेता एवं पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग राकेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि राम लीला मंचन के बाद भव्य आतिशबाजी की जाएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। आतिशबाजी समापन के बाद छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय गायक जस भजन सम्राट दुकालू यादव का लाइव प्रस्तुति होगा।

### डीएमएफ के सदस्य बने फत्तेलाल

**उतई।** ग्राम खोपली के पूर्व सरपंच एवं भाजपा उतई मंडल के नेता फत्तेलाल वर्मा को जिला खनिज न्यास डीएमएफ विभाग के सदस्य बनाया गया है। यह नियुक्ति जिला अध्यक्ष जितेंद वर्मा, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर की सहमति से एवं दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर की गई है।



### शासकीय कॉलेज जनभागीदारी समिति गठित



**जामगांव आर।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय विज्ञान कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जामगांव आर नरेश केला 5 साल बाद पुनः जनभागीदारी समिति अध्यक्ष पद पर आसीन हुए। वहीं प्रबंधन समिति के लिए लालेश्वर साहू गातापार, लालली डहरे बोरवाय, आसकरण जैन जामगांव-आर, रामकुमार चन्द्राकर भनसुली-आर, मनीष चन्द्राकर बेल्हारी, कमलेश साहू बटरेल, प्रेमचंद चौरड़िया जामगांव-आर, तेजेन्द्र पिपरिया कुम्हली, प्रमोद ठाकुर करेला, खेमलाल देशलहरे टेमरी, शैलेन्द्री मण्डावी जामगँव-आर, पूर्णेन्द्र सिन्हा जामगांव-आर, नरेन्द्र धरमगुड़ी सुरपा, संजय साहू अरमरीखुर्द, उमाशंकर शुक्ला भरर, संतोष साहू जामगाँव-आर, भोजराम साहू बोरवाय, राजकुमार ठाकुर सरपंच ग्रा.पं. जामगांव-आर, गरिमा भारदीय सरपंच ग्रा.पं. भरर, लोकेश्वर साहू बोरवाय, रूपेन्द्र साहू रीवागहन सदस्यगण नियुक्त किए गए हैं।

### शिकसा ने किया माता का जगराता

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने अश्विन नवरात्रि के अवसर पर कार्यक्रम 'शिकसा माता का जगराता' का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी 'हसमुख' प्राचार्य चुरतेली के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना हेमा चन्द्रवंशी व राजगीत एस.वीणा पटेल ने प्रस्तुत कर किया।

## मद्य निषेध सप्ताह पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# मद्यपान व नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों तथा नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु जन समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के उद्देश्य से शासन के आदेशानुसार 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन 'स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी' में किया गया। इस आयोजन में अब तक नशामुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत छात्रों एवं पालकों में जनजागरूकता, पर केंद्रित कार्यक्रम में छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा नशामुक्ति की शपथ ली गई। साथ ही नशामुक्ति संकल्प का वाचन किया गया जिसमें पालिका अंतर्गत सांसद प्रतिनिधि सुजीत यादव एवं सदस्य रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, प्राचार्या लता रघु कुमार तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। शाला परिसर में नशा मुक्ति स्लोगन का दीवारों पर लेखन किया गया इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूल के छात्रों राहुल यादव, अजय पटेल, राजीव साहू एवम अन्य विद्यार्थियों ने भूमिका निभाई। निबंध प्रतियोगिता में क्षमा दुबे प्रथम, प्रीती देवांगन द्वितीय एवं गीतिका निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार स्कूल परिसर में रंगोली प्रतियोगिता में एकता सोना ने प्रथम एवं गूंजा डहरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में देवकी सिन्हा प्रथम और सुमन पटेल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नशा मुक्ति थीम पर स्कूल के प्रवेश द्वार पर सेल्फी पॉइंट बनाया गया। प्रश्न-उत्तर मॉडल प्रतियोगिता, कविता, वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित किये गए। विशेष रूप से नशा मुक्ति जागरूकता संदेश हेतु नगर में रैली का आयोजन किया गया जिसमे नशा पीड़ित व्यक्तियों से प्रत्यक्ष संवाद कर दुष्परिणामों की जानकारी दी गई । समापन दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान संस्था की प्राचार्या लता रघुकुमार, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा, जनप्रतिनिधि सुजीत यादव सांसद प्रतिनिधि, रामकुमार सोनी सदस्य एवं अवधेश शुक्ला सदस्य के हाथों से किया गया ।

**नशा पीड़ित व्यक्तियों को दुष्परिणामों की जानकारी दी**



## अंचल की खबरें

### बॉक्सिंग स्पर्धा में प्रेरणा को मिला गोल्ड मेडल

**जामगांव आर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर की छात्रा प्रेरणा बंजारे ने राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीते और ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए बनी प्रेरणा की प्रतिभा गांव शहर की मोहताज नहीं होती गौरतलब हो कि दुर्ग जिले से 17 बालिकाओं में शाउमा विद्यालय भरर की प्रेरणा बंजारे ने लगन, मेहनत और सही मार्गदर्शन का परचम लहराकर गोल्ड मेडल प्राप्त करने में सफल रही। विद्यालय की व्यायाम शिक्षक तोषिन साहू बाक्सिंग कोच ने बताया कि 24 वें राज्य स्तरीय बॉक्सिंग (बालिका) प्रतियोगिता के लिए प्रेरणा में वो सारी खूबियां दिख रही थी जो एक होनहार खिलाड़ी में होना चाहिए और प्रेरणा ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर गुरुजनों के आकलन को प्रमाणित कर दिखाया जो विद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए गर्व की बात है। वहीं प्रेरणा को दुर्ग संभाग दल प्रबंधक संयुक्त संचालक क्रीड़ा कल्पना स्वामी ने प्रेरणा के खेल की सराहना करते हुए राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए मेडल जीतने की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिये। राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में चयन होने पर प्रेरणा को जिला शिक्षा अधिकारी, डीएसओ तनवीर अकील, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महिलांगे, विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी शकिला देवदास, प्राचार्य पी.शांडिल्य, प्रशिक्षक तोषिन साहू व्यायाम शिक्षक, दक्षिण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति भरर अध्यक्ष अरुण चंद्राकर एवं अन्य सदस्य गण, सरपंच गरिमा भारद्वीय, विधायक प्रतिनिधि रूपचंद साहू, क्रीड़ा प्रभारी एच. देशप्यारे, गजपाल सर एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने उज्जवल भविष्य कि कामना करते कहा की छात्रा प्रेरणा गोल्ड मेडल प्राप्त कर सबके लिए प्रेरणा बनी।



### भगवान भरोसे चल रहा तिरगा पंचायत, ग्रामीण परेशान

■ जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**निकुम।** प्रदेश में भाजपा सरकार सुशासन राज होने के दावे कर अपनी ढपली अपनी राग अलाप रहा है, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बावजूद बीते लंबे समय से अपने पैर जमाये जिम्मेदार अधिकारी अजगर करे ना चाकरी के तर्ज पर कार्य कर रहे है, गौर हो कि विकासखंड दुर्ग के ग्रामपंचायत तिरगा बीते तीन महीने से भगवान भरोसे चल रहा है। पूर्व सरपंच घसिया राम देशमुख पंचायत अधिनियम धारा 40 के तहत घसियाराम देशमुख को 6 वर्ष चुनाव के लिए बर्खास्त कर दिया। गौर हो कि घसिया देशमुख पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कांग्रेसी खेमे से आते हैं। वहीं तिरगा के उपसरपंच रमेश देशमुख का निधन दो वर्ष पूर्व हो चुका है, वही सरपंच हटने के बाद बीते तीन महीने गांव की साफ-सफाई, पेयजल, पंचायती विकास कार्य सभी थम से गये हैं। वहीं घनश्याम देशमुख ने बताया कि वाटर सप्लाई का मरम्मत भी नही हुआ है, जिसके कारण गंदा पानी महीनों से आ रहा है, गांव में कचरे, गंदी जगह है, वहीं इस पंचायत में सभी पटवारी भी प्रभार में चल रहा है। ग्राम के पुकेश्वर यादव ने बताया कि स्कूली बच्चों के जाति निवासी बनाने सरपंच विहीन होने के कारण जाति प्रमाण पत्र नही बन रहा है। गौर हो कि जिले में जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या झांकने की भी फुर्सत नही है। वहीं जनपद सीईओ दुर्ग रुपेश पांडे से हरिभूमि संवादाता ने फोन पर लगतार संपर्क किया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी रुपेश पांडे ने फोन रिसीव नही किया। वहीं पूर्व सरंपच घसियाराम देशमुख ने बताया कि पंचायत में लाखों रुपये का भुगतान महीनों से पेंडिंग पड़ा है।

### नगर पंचायत धमधा बना भ्रष्टाचार का प्रमुख अड्डा

■ जॉच में हो सकता है बड़ा खुलासा

**धमधा।** धमधा नगर पंचायत में पिछले 5 साल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। धमधा नगर पंचायत में सौंदर्यीकरण के नाम पर इंजीनियरिंग, सीएमओ एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ने धांधली करते हुए जमकर लूटने का काम किया है। पण्डितवा तालाब से लेकर त्रिमूर्ति महामाया मंदिर तक लगे स्टीट लाईट खम्बा लगभग प्रति खम्बा 75000 रुपये की है जिसमें से आधे से ज्यादा खम्भे की लाईट 1 साल से कम समय में खराब हो गई है। पण्डितवा तालाब से लेकर महामाया मंदिर तक बने गौरव पथ रोड 6 माह में दरार पड़ गया है जिसमे जमकर भरस्टाचार हुआ है। कन्याशाला के पास 75 लाख से बन रहे मंगल भवन में जमकर धांधली किया जा रहा है। वही 1 करोड़ की लागत से बन रहे स्कूल निर्माण में घटिया मटेरियल का उपयोग किया गया है। कोष्टा तालाब से लेकर नैया तालाब तक लगे स्टीट लाईट में आधे से ज्यादा लाईट बंद पड़ा है।इस्टेडीएम निर्माण में लाईट एवं मिट्टी फिलिंग में जमकर धांधली किया गया है। यह बातें पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव ने बताते हुए कहा कि यह नगर पंचायत भ्रष्टाचार के मामले में छतीसगढ़ में नंबर वन है जिसकी जांच की जाएगी तो अनेक खुलासा होने की आशंका है।

### नृत्य कला मंदिर डांडिया नाइट्स 2024 में शामिल हुए विधायक ललित




**उतई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रिसाली स्थित छोटा दशहरा मैदान में आयोजित 'नृत्य कला मंदिर डांडिया नाइट्स 2024' में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया व नवरात्रि के इस पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। साथ ही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण के लिए शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर विशेष सम्मानित किया।

इस अवसर पर आयोजन समिति के पार्षद धर्मेंद्र भगत, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, मंत्री अजीत चौधरी, अनुपम साहू, रिसाली नगर पालिका निगम महापौर शशि सिन्हा, पार्षद सीमा साहू, पार्षद जमुना ठाकुर, समाज सेवी सोनूराम सिंग, दीप्ति राठौर, सरोज, अन्नु, मनवित, डॉ. संजय गोयल, विक्रांत सिंग, संतोष चौधरी, राकेश भगत, अमित शाह, शुभम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### सेजस जामगांव आर अध्यक्ष अंगेश्वर ने किए कार्यकारिणी का गठन, प्रथम बैठक 14 अक्टूबर को

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम शासकीय विद्यालय जामगांव आर में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू को प्रभारी मंत्री की संशोधन अनुशंसा उपरांत शाला विकास एवं प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। अध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने मनोनयन पर अपने अग्रज नेताओ मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी घोषणा किए जिसमें राजकुमार ठाकुर सरपंच, मेघनाथ सगरवंशी, मनीष जैन, मुकेश साहू, सीता राम साहू, रोमल साहू, चंद्रकैलाश जैन, मुकेश शुक्ला, हरीश साहू, उज्वल केला, शैलेंद्री मांडवी, रेणुका राठी, संगीता डहरे, रूखमणी ठाकुर, गेमेश्वरी देवांगन को शामिल किए। अध्यक्ष एवं प्राचार्य की रायसुमारी के पश्चात 14 अक्टूबर को प्रबन्धन समिति की पहली बैठक तय किया गया जिसमें अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार मंथन कर विद्यालय विकास के लिए प्रस्ताव लिए जा सकेंगे।


पाटन। सार्वजनिक दुर्गाउत्सव समिती, आज़ाद चौक पाटन वर्ष 54 वां


पाटन। नव ज्योति दुर्गोत्सव समिति पुराना अस्पताल चौक पाटन 56 वर्ष


सेलूद। गांधी चौक सेलूद में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा


सेलूद। बजरंग चौक सेलूद में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा

## दुर्गोत्सव की धूम


अंडा। मानस दुर्गा उत्सव समिति गाँधी चौक परसदा (डगनिया)


पाटन। नवहिंद दुर्गाउत्सव समिति नया बस स्टैंड पाटन


अंडा। नवदुर्गा उत्सव समिति स्कूल पारा परसदा डगनिया।



जामगांव आर। बटरेल बजरंग चौक में दुर्गा उत्सव मची धूम।


जामगांव आर। गातापार में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित।


जामगांव आर। नवयुवक दुर्गोउत्सव समिति अटल चौक नवागांव


जामगांव आर। नवज्योति दुर्गोउत्सव समिति कलामंच पारा नवागांव


उतई। युवा सरस्वती उत्सव समिति घुमियार चौक उतई


सेलूद। आदर्श क्लब बाजार चौक सेलूद


भिलाई। कांट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला भिलाई वार्ड 18, स्ट्रीट नं 21 ए जय मां सरस्वती उत्सव समिति।


सेलूद। सुभाष चौक सेलूद में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा




## बिजनेस साइट

### माता कालरात्रि की पूजा-अर्चना कर कृषक ने पुत्र को दिया उपहार

**भिलाई।** नवरात्रि के सातवे दिवस जो कि माता कालरात्रि का दिवस कहलाता है जिसका मन में संकल्प मंत्र से चिंता और नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है, हमें निर्भीक बनने की प्रेरणा मिलती है। ऐसी माता कालरात्रि के स्वरूप को पुजकर मोहला भालापुर के कृषक ने अपने पुत्र को नवरात्रि का उपहार दिया। यूँ तो हार्वेस्टर बनाने वाली ढेरों औद्योगिकी है, लेकिन केएस ग्रुप ऑफ़ कम्पनीज की कार्यशैली एकदम भिन्न है। ये 'बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा' पर ध्यान देती है। केएस ग्रुप एक अपने आप में ऐसी औद्योगिकी है जो प्रचार-प्रसार से ज्यादा गुणवत्ता एवं सेवा प्रधान कार्यों पर ध्यान देती है इसलिए इसके यंत्र एवं उपयंत्रों की खरीदी के लिए कृषक बंधु कतारबद्ध खड़े रहते हैं। केएस कंबाइन के डिलिवरी मुख्य अतिथि पंजाब हाई कोर्ट के अधिवक्ता मुदित जैन मित्तल के द्वारा इफ़्को किसन फाइनेंस के आकाश भमरी, टीम मैनेजर गजेंद्र देवांगन, सेल्स ऑफिसर करन जंघेल, सेल्स एवं रिकवरी ऑफिसर के सानिध्य में डोमार दास साहू के पुत्र चरण दास साहू को चाबी प्रदान कर गौरवान्वित किया गया। यंत्र ग्रहण करने के लिए मोहला भालापुर के कृषकगण टोलीनुमा समूह बनाकर कमला मोटर्स गंजपारा दुर्ग में प्रातः काल से उपस्थित होकर अपनी मीठी मुस्कान से वातावरण में श्रृंगार रस घोल रहे थे। उपस्थित गण में क्रेता चरण दास साहू, डोमार दास साहू, संदीप साहू, शाहिद साहू एवं कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, अभियंता किशोर निषाद, मिलिंद बांगड़े जी बरमेचा एलिवेटर्स के कनिष्ठ अभियंता अमर यादव इत्यादि साथीगण ने मुस्कान जाहिर की।






# देवबलोदा प्राचीन महादेव मंदिर परिसर का होगा जीर्णोद्धार, विकास के लिए हुआ भूमिपूजन

## भिलाई इस्पात संयंत्र और एएसआई की पहल से बढ़ेंगे पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के पास देवबलोदा गांव में स्थित पुरातात्विक धरोहर महादेव मंदिर स्थल के जीर्णोद्धार, विकास और इसके उन्नयन कार्य के लिए बीएसपी की सीएसआर के तहत गुरुवार को भूमिपूजन किया गया। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने सेंट्रल रीज़न (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. भुवन विक्रम, पुरातत्वविद् अधीक्षक डॉ. एनके स्वाई और एनसीएफ की वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. मोनिका चौधरी के साथ भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार, राहुल तिवारी (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण-एएसआई), मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, उत्पल दत्ता, महाप्रबन्धक शिवराजन व एनके जैन पौधारोपण भी किया।बीएसपी के पास देवबलोदा गांव में स्थित छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक धरोहर महादेव मंदिर स्थल के जीर्णोद्धार, संरक्षण और विकास के लिए, बीच एक मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग एमओयू 21 दिसंबर 2022 को नई दिल्ली में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के संस्कृति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के बीच साइन किया गया था।भगवान शिव को समर्पित इस मंदिर को संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है, जिसका निर्माण 14वीं शताब्दी में कलचुरी राजवंश द्वारा करवाया गया था। मंदिर के खंभों और बाहरी हिस्से पर देवी-देवताओं की छवि बनी हुई है। राजधानी और दुर्ग के बीच भिलाई-तीन चरोदा रेल लाइन के किनारे बसे देवबलौदा गांव का यह ऐतिहासिक मंदिर कई ऐतिहासिक तथ्यों को साथ लिए हुए है। मान्यता है कि यहां स्थित शिवलिंग स्वयं ही भूगर्भ से उत्पन्न हुआ है।





### जीर्णोद्धार बाद बढ़ेंगे पर्यटक

धरोहर स्थलों का संरक्षण, जीर्णोद्धार और विकास सेल के सीएसआर पहलों के मुख्य क्षेत्रों में से एक है। इस धरोहर स्थल को भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के माध्यम से विकास के लिए पहचाना गया था। यह परियोजना न केवल परिसर को बहाल करने में मदद करेगी, बल्कि मंदिर और इसके परिसर के संरक्षण से इस क्षेत्र में अधिक पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी।

## खबर संक्षेप



### सपा नेता मुलायम सिंह की पुण्यतिथि मनी

**भिलाई।** समाजवादी पार्टी छग कार्यालय जवाहर नगर में समाजवादी नेता मुलायम सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। पूर्व विधायक सूबेदार सिंह सहित कार्यकर्ताओं ने उन्हें एक बड़ा समादवादी नेता बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

### एफएसएनएल कर्मियों को मिला 21 हजार बोनस

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बाद अब फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड में भी कर्मचारियों के लिए सालानी बोनस रिलीज हो गया है। प्रबंधन और यूनियनों की गुरुवार को हुई आनलाइन बैठक में 21 हजार बोनस तय हुआ। बोनस राशि कर्मियों को खाते में डाल दी गई है। कर्मचारी इस साल कंपनी के निजीकरण के चलते बोनस को लेकर आशंकित थे।

बोनस को लेकर नियोक्ता व बर्नपुर, दुर्गापुर, राउरकेला और बैजाक की मान्यता प्राप्त यूनियनों की वर्चुअल बैठक हुई। भिलाई और बोकारो की यूनियन को मान्यता नहीं होने से शामिल नहीं हो सके। बैठक में कर्मचारियों के लिए 21 हजार बोनस तय हुआ। इसके बाद बोनस राशि कर्मचारियों को खाते में डाल दी गई है। बोनस का लाभ एफएसएनएल के करीबन चार सौ कर्मचारियों को मिलेगा।

### नेहरू नगर में रावण दहन कल

**भिलाई।** नेहरू नगर वेलफेयर एण्ड दशहरा एसोसिएशन द्वारा निरंतर 18वें वर्ष नेहरू नगर दशहरा मैदान में विजयादशमी पर्व का आयोजन किया गया है। 12 अक्टूबर को शाम 7 बजे आतिशबाजी के साथ रावण दहन होगा। वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शुक्ला एवं महासचिव मनीष सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में पचास फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ साथ मेघनाथ एवं कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया जायेगा। कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा तथा रंगबिरंगी आतिशबाजी को शामिल किया गया है। नेहरू नगर के दशहरा कार्यक्रम की महत्व पूर्ण विशेषता यह है कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आज पर्यंत किसी जनप्रतिनिधि को नहीं बनाते। उपस्थित वरिष्ठ नागरिक से ही रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है। आयोजित कार्यक्रम में दशहरा समिति के उपाध्यक्ष एसएन मोदी, बसंत चौबे, कोषाध्यक्ष नरेश डोरा, सहसचिव शैलेंद्र ताम्रकार, प्रदीप सूर्यवंशी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. आलोक मिश्रा, मनोज गुप्ता, मनु शर्मा, उमेश सिंह, दीपक गांधी एवं बसंत साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

## बीएसपी सहित निजी उद्योगों में कार्यरत हैं 50 हजार मजदूर

# औद्योगिक तीर्थ के हजारों श्रमिकों को निर्धारित बोनस का है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### यूनियनों ने कहा नियमानुसार हो सभी को बोनस का भुगतान



औद्योगिक तीर्थ के नाम से देश दुनिया में प्रसिद्ध भिलाई के हजारों ठेका मजदूरों को जायज और निर्धारित सालाना बोनस का इंतजार है। उत्पादन में नियमित कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कमरतोड़े योगदान देने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र सहित विभिन्न केंद्रीय उपक्रमों व औद्योगिक क्षेत्र के निजी उद्योगों के सभी श्रमिकों को मांग के अनुरुप बोनस भुगतान इस साल भी तमाम जिम्मेदार एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी बना हुआ है। मजदूरों के मुताबिक न्याय के लिए आखिर जाएं तो किसके पास जाएं।

उल्लेखनीय है कि में बीएसपी, एफएसएनएल, सेल रिफेक्ट्री यूनिट सहित औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, हथखोज और औद्योगिक क्षेत्र दुर्ग के सैकड़ों निजी उद्योगों में हजारों ठेका मजदूर काम करते हैं।

यूनियनों के मुताबिक इनकी संख्या पचास हजार से ऊपर है। यानी नियमित कर्मियों से अधिक है। लिहाजा योगदान भी नियमित कर्मियों व अधिकारियों से कम नहीं है। लेकिन वेतन व अन्य सुविधाएं नगण्य हैं। नियमानुसार उत्पादन व काम के हिसाब व प्राफिट के अनुरुप बोनस राशि तय किया जाना है। निर्धारित बोनस भुगतान कराना नियोक्ता, प्रथम नियोक्ता, ठेकेदारों, श्रम विभाग और यूनियनों की वैधानिक व नैतिक जिम्मेदारी है। लेकिन वर्षों बाद भी सभी ठेका मजदूरों को नियमानुसार बोनस भुगतान नहीं हो रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र में 22 हजार मजदूर काम करते हैं। सेल में इनकी संख्या 50 हजार से ऊपर है। सीटू के उपाध्यक्ष एसपी डे बताते हैं कि बीएसपी सहित पूरे सेल में सभी मजदूरों को आउटसोर्स कंपनियां व ठेकेदार बोनस नहीं दे रहे हैं। औना पौना बोनस देकर शांत करवा दिया जाता है। सेलव्यापी धरना व हड़ताल की एक बढ़ी मांग सेल के ठेका मजदूरों को बोनस व पे रिवीजन व सिस्टम दुरुस्त करना भी है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि बोनस को लेकर प्रथम नियोक्ता बीएसपी प्रबंधन व श्रम विभाग को ठेकेदारो पर अपनी निगरानी मे नकेल कसने की जरुरत है।

### औद्योगिक क्षेत्र में भी इंतजार

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई और दुर्ग के सहायक, छोटे और बड़े उद्योगों में भी मजदूरों को बोनस एक्ट के तहत बोनस नहीं मिलता है। सैकड़ों उद्योगों में हजारों मजदूर काम कर रहे हैं। इन उद्योगों का टर्न ओवर करोड़ो अरबों और प्राफिट भी खासा है। बीएसपी व सरकार का सपोर्ट मिलता है। कई उद्योगों का माल बीएसपी के साथ बाहर भी जाता है। यूनियनों के मुताबिक दुर्गापूजा का पर्व समापन पर है, दशहरा दीवाली आने को है। लेकिन कई उद्योंगों के मजदूरों को बोनस नहीं मिला है। मजदूरों ने बताया कि कुछ उद्योग ही नियमानुसार बोनस देते हैं। अधितकतर मजदूर सालों से जायज बोनस से वंचित है। औद्योगिक क्षेत्र शंकर गुहानियोगी के समय की छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के बाद नेतृत्वविहीन है। मजदूरों ने बताया कि उद्योगों की माली हालत खराब बताकर बोनस में कोताही बरती जा रही है। श्रम विभाग चुप्पी साधे हुए है।

## इंदिरा मार्केट में लगा चूना, मार्किंग आगे दुकान लगाने पर होगी जब्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आगामी त्योहार को देखते हुए इदिरा मार्केट बाजार क्षेत्र के सड़कों पर अधिक भीड़ होने की वजह से जाम की समस्या से निजात पाने अस्थायी पसरा के लिए मार्किंग किया गया है। इससे निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने कार्ययोजना तैयार की है।

आज सुबह निगम के बाजार अधिकारी थानसिंह यादव द्वारा इदिरा मार्केट एवं इदिरा प्रतिमा क्षेत्र के आस पास भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चूना मार्किंग की गई है। सड़क पर यातायात बाधित करने वाले ठेलों और अवैध दुकानों को हटाने की कार्यवाही जारी है। साथ ही वहां दोबारा कब्जा ना हो जाये इसे सुरक्षित रखने के निर्देश दिये गये है।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि, व्यस्ततम इंदिरा मार्केट इंदिरा प्रतिमा क्षेत्र बाजार के अलावा मार्गो पर जहां बाजार एवं व्यवसायिक गतिविधियों के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या रहती है। ऐसे भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चूना मार्किंग की गई है। जिसके बाहर किसी प्रकार का सामान रखने या अवैध रूप से पार्किंग पर सामान या वाहन को यातायात पुलिस एवं नगर पालिक निगम द्वारा जप्ती की जायेगी। अभी तक अवैध रूप से संचालित दुकानों एवं सड़कों पर यातायात बाधित करने वाले ठेलो को हटाते हुए सड़क को कब्जा मुक्त किया जा चुका है।

### भजन संध्या से किया भावविभोर...




**भिलाई।** होटल हैरिटेज के निकट चिंगरीपारा में सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा दुर्गा मंडप में गुरुवार को रोज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। महिला व पुरुष कलाकारों ने मधुर देवी गीतों व भजनों से श्रोताओं को भावविभोर किया।

## बीएमएस ने मृतक श्रमिक के आश्रित परिवार को दिलाई मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष आईपी मिश्रा, जिला महामंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, सुधीर गढ़ेवाल और वेकट रमैया और बीएमएस के संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ शर्मा ने भी बताया कि प्रबंधन से चर्चा कर यूनियन के प्रयास से बीएसपी में दुर्घटना में मृत श्रमिक के आश्रित को बीएसपी में स्थाई नौकरी का पत्र, दस लाख बीमा राशि और ठेका कंपनी से एक लाख सहायता राशि पत्नी के खाते में भेजने का पत्र दिलवाया गया।

### मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की समीक्षा

**दुर्ग।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर यूनिट में कार्यरत डॉक्टर एवं स्टाफ से चर्चा की तथा योजना का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो इस पर गंभीरता दिखाई एवं शिविर पर उपस्थित मरीजों के प्रति समुचित व्यवहार को ध्यान रखने कहा गया।

## सेल प्रबंधन के खिलाफ यूनियनों की बढ़ी एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल कर्मचारियों के एकतरफा बोनस सहित लंबित मांगों को लेकर यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। संयुक्त यूनियन द्वारा शुक्रवार को सेलव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के करने के लिए लेबर कमिश्नर के नाम पर बीएसपी को नोटिस दिया जाएगा। विरोध को सफल बनाने कर्मियों को जागरुक किया जाएगा।

- अधूरे वेतन समझौता, लंबित एरियर्स भुगतान की मांग को लेकर धरना का संयुक्त यूनियन आज देगी नोटिस

बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों को इस साल 40,500 बोनस की मांग के बावजूद मात्र 26,500 बोनस सीधे खाते में डाले जाने के प्रबंधन के एकतरफा निर्णय के खिलाफ और अधूरे वेतन समझौता पूर्ण करने, 39 महीने का लंबित एरियर्स भुगतान, आरआईएनएल के निजीकरण पर रोक व सेल के ठेका मजदूरों का पे रिवीजन करने की मांग को लेकर एनजेसीएस द्वारा गाधी जयंती पर 2 अक्टूबर को सेल की सभी यूनिटों में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत 5 अक्टूबर को यहां यूनियनों द्वारा मुर्गा चौक पर प्रदर्शन किया गया था। अब शेष दो चरण के आंदोलन के लिए बीएसपी के आईआर विभाग के अधिकारी को लेबर कमिश्नर के नाम शुक्रवार को संयुक्त यूनियन नोटिस सौंपेगी। इसके अनुरुप सेलव्यापी विरोध के तहत बीएसपी में भी 14 अक्टूबर को धरना और फिर 28 अक्टूबर को हड़ताल की सूचना दी जाएगी। नोटिस देने कल सीटू, इंटक, एटक, एचएमएस व बीएमएस सहित अन्य यूनियनों के पदाधिकारी मुर्गा चौक पर एकत्रित होकर आईआर आफिस जाएंगे। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने बताया कि सेल की सभी यूनिटों में धरना दिया जाएगा। मांगें पूरी नहीं होने पर हड़ताल की जाएगी। सेल प्रबंधन कर्मचारी हितों को लेकर अड़ियल रवैया अपनाए हुए हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा गुटखे का अवैध कारोबार, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से गुटखे के अवैध कारोबार फलफूल रहा है। अवैध रूप से फैक्ट्रियों का संचालन किया जा रहा है। जहां रैपर से लेकर मार्केट में चलने वाले सभी प्रकार के पान मसाला तैयार किए जा रहे हैं। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के स चि व बृजकिशोर शर्मा ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला से की है।



उन्होंने लिखित शिकायत में कहा गया कि इन फैक्ट्रियों में मिथ्या छाप रैपर भी तैयार किए जा रहे हैं। पान मसाला बनाने की आड़ में गुटखा तैयार किया जा रहा है। पिछले दिनों उमदा रोड भिलाई-तीन में पकड़ा गया गुटखा इस गोरखधंधे का छोटा सा हिस्सा है। शर्मा ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस मामले की शिकायत की है। मुख्य रूप से जेवरा-सिरसा, रसमड़ा, अंडा, कुम्हारी, भिलाई-तीन के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कारोबार चल रहे हैं। उन्होंने इसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।



**भिलाई।** युथ क्लब दुर्गोत्सव समिति पोस्ट ऑफिस मैदान सेक्टर 4 कार्यालय परिसर में स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## नुक्कड़ नाटक और मेगाफोन के माध्यम से किया जागरुक

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं एग्रीकॉन फाउंडेशन के दिशा-निर्देश पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर युवोदय स्वयंसेवकों के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता हेतु एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया, जिससे आमजन को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और इससे संबंधित समस्याओं के बारे में जागरूक किया जा सके।

युवोदय के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सामाजिक मिथकों को तोड़ने और इसके प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

नाटकों में दिखाया गया कि किस प्रकार मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी करना गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकता है और समय पर सही परामर्श और इलाज से जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। इसी कड़ी में पाटन ब्लॉक के ग्राम रानीतराई में युवोदय दुर्ग के स्वयं सेवकों द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बस स्टेशन, पारधी समुदाय में जाकर मानसिक स्वास्थ्य को लेकर नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टर प्रजेंट किया गया।

### तनाव से दूर रहने की बताई तरकीब

ब्लॉक धमधा में युवोदय टीम द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, मां महामाया मंदिर परिसर धमधा में नुक्कड़ नाटक के बच्चों में तनाव की स्थिति को समझाया गया। विशेषज्ञ अभिषेक सिंह ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में सबसे पहला कदम जागरूकता है। हमें इस बात को सामान्य बातचीत का हिस्सा बनाना चाहिए कि मानसिक स्वास्थ्य हमारी समग्र स्वास्थ्य का हिस्सा है।



### खेल गतिविधियों में शामिल होना जरूरी

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी अनिता सिंह ने कहा कि, बेहतर मानसिक स्वास्थ्य हेतु आँगनबाड़ी केंद्रो में खेल गतिविधियाँ होना आवश्यक है। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, किशोरी बालिका, शिशुवती, गर्भवती माताएं एवं बच्चे उपस्थित थे। जिला समन्वयक युवोदय कार्यक्रम शशांक शर्मा ने जानकारी दी कि युवोदय स्वयंसेवकों के द्वारा लगातार जिले के अलग-अलग स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं के बेहतर मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित खेल कराया जा रहा है।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



02



नगर भ्रमण की निकली मां शारदा, शिव तांडव, 21 देवियों की झांकियां रही आकर्षण

## लाइव इवेंट

### गरबा गीतों में नृत्य और पारंपरिक वेशभूषा धरने वाले हुए सम्मानित



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय गरबा रात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर एवं ज्वाइंट डायरेक्टर शालिनी चंद्राकर, कुलपति बीएन तिवारी और उप कुलपति डॉ. आरएन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर और मां दुर्गा की आराधना की। इस अवसर पर छात्र–छात्रओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। गरबा किंग का प्रथम पुरस्कार रविकांत, फॉर्मेसी विभाग और द्वितीय पुरस्कार अभय चौरसिया, बीएएमएस छात्र को मिला। गरबा क्वीन का प्रथम पुरस्कार मोनिया बम्बोडे, फॉर्मेसी विभाग और द्वितीय पुरस्कार श्रुति निर्मल, शिक्षा विभाग को मिला। सर्वश्रेष्ठ परिधान (छात्र) का प्रथम पुरस्कार लक्ष्मी ध्रुव, बीएएमएम, द्वितीय पुरस्कार सिम्मी पटेल, बीएएमएस और तृतीय पुरस्कार वीनिता, फॉर्मेसी विभाग ने प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ परिधान (छात्र) का प्रथम पुरस्कार यश कुमार साहू, फॉरेंसिंक विज्ञान विभाग, द्वितीय पुरस्कार साहिल निर्मल, फॉर्मेसी विभाग और तृतीय पुरस्कार मोरध्वज, फॉर्मेसी विभाग ने प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ नृत्य (छात्र वर्ग) का प्रथम पुरस्कार पूनम राजपूत, बीएएमएस द्वितीय पुरस्कार रूपाली घुड़सवार, बी.टेक कृषि और तृतीय पुरस्कार रुपेश्वरी साहू, फॉर्मेसी विभाग को मिला। सर्वश्रेष्ठ नृत्य (छात्र वर्ग) का प्रथम पुरस्कार आयुष कुमार साहू, बीएएमएस द्वितीय पुरस्कार आदित्य यादव, इंजीनियरिंग और तृतीय पुरस्कार आदित्य साहू, बीएएमएस को मिला। ऊर्जावान प्रस्तुति की श्रेणी में बी. स्मृति, कृषि और दुर्गेश साहू, फॉर्मेसी को मिला। इस अवसर पर अवसर पर जय चंद्राकर, डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, प्रभजोत सिंह भुई, घनश्याम साहू, डॉ. मानस रंजन, डॉ. एके दुबे, डॉ. आलोक भट्ट सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### सीएससीएस क्रिकेटः कोरबा और सरगुजा में फाइनल भिड़ंत आज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप इंटर डिस्टिक वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता के दो सेमीफाइन मैच सेक्टर-10 और सेक्टर-1 खेल मैदान में खेले गए। पहला सेमीफाइन मैच कोरबा और रायपुर ब्लू के बीच हुआ, जिसमें कोरबा ने मैच जीता। वहीं दूसरा मैच सरगुजा और नारायणपुर के बीच हुआ। इसमें सरगुजा की टीम विजयी रही। इस प्रकार दोनों ही विजेता टीमें अब 11 अक्टूबर को फाइनल मैच खेलेंगी। मैच सेक्टर-10 खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को कोरबा और रायपुर ब्लू के बीच हुए मैच में कोरबा ने 49.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 211 रन बनाए। वहीं जवाब में रायपुर ब्लू की टीम 50 ओवरों में 10 विकेट कोकर 206 रन ही बना सकी। मैच कोरबा की टीम ने जीत लिया। दूसरे मैच सेक्टर-1 मैदान में सरगुजा और नारायणपुर के बीच हुआ। इसमें सरगुजा ने 48 ओवर में 300 रन बनाए। तबीश अहमद ने ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए 92 रनों की पारी खेली। वैवेध गुप्ता ने 65 रन बनाए। बारिश से प्रभावित मैच में नारायणपुर को 37 ओवर में 256 रन बनाने का लक्ष्य मिला। नारायणपुर 37 ओवर में 8 विकेट खोकर 225 रन ही बना पाई। इस प्रकार सरगुजा और कोरबा की टीम ने फाइनल में जगह बनाई।

## सिटी इवेंट

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले राज को बिजली कंपनी से मिला सम्मान



**दुर्ग।** सत्र 2023 में उत्तरप्रदेश के लखनऊ शहर में अखिल भारतीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस स्पर्धा में दुर्ग के खिलाड़ी राज वासनिक ने छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व किया। राज ने 105 किलोग्राम वजन वर्ग समूह में खेलते हुए 660 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। राज की इस उपलब्धि पर विद्युत मंडल द्वारा मेडल व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी सीई एम जमुलकर, एसई एस मनोज, ईई सीएल साहू, ईई अनुसुइया ठाकुर, दीपक डुमरे सहित अन्य उपस्थित थे।

---

पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में दो दिवसीय गरबा उत्सव का समापन, भिलाई के दुर्गा पंडालों में देर रात तक आयोजन

# वरीना संग छोगाड़ा...व ढोलड़ा... जैसे गीतों में खेला गरबा, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल भी थिरके

गरबा के उत्साह में दुर्ग-भिलाई डूबी हुई है। अलग-अलग दुर्गा पंडाल और समितियों द्वारा गरबा आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को भी 12 से ज्यादा जगहों पर गरबा के बड़े आयोजन हुए। इसके अलावा 50 से ज्यादा दुर्गा पंडालों में गरबा नृत्य पर महिलाएं, युवतियां और युवा झूमते नजर आए। पद्मनाभपुर में आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। वे दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ गरबा नृत्य पर थिरकते नजर आए।







**दुर्ग।** पद्मनामपुर मिनी स्टेडियम में नवरात्र पर्व पर आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव के आखरी दिन रंग-बिरंगी लाइटें और लाइव म्यूजिक के बीच हजारों महिलाओं के अलावा युवक-युवतियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ ताल में ताल मिलाकर देशभक्ति गीत मेरा रंग दे बसंती चोला, कर्पूर गौरम करुणावतारम व शिवशंभू के गीतों पर गरबा नृत्य कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा गरबा स्थल पहुंचे और मां दुर्गा की आरती की। इस बीच वरीना संग छोगाड़ा... व ढोलड़ा... जैसे गीतों में सजी-धजी महिलाओं, युवतियों और युवकों ने गरबा खेला। भूपेश बघेल ने कहा कि नवरात्रि पर्व में गरबा मां दुर्गा की आराधना के साथ हमारी संस्कृति को जीवन्त बनाते हैं। नवरात्र में गरबा का आनंद अलौकिक व अद्भुत है। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू व पूर्व विधायक अरुण वोरा ने भी आयोजन के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल की सराहना की। आयोजन के समापन समारोह में छालीवुड कलाकार आस्था शर्मा, काजल श्रीवास, ज्योत्सना ताम्रकार, बाल कलाकार दर्शन जैन, रोनित राय भी शामिल हुए।

## रुंगटा इंस्टीट्यूशन में भी गरबा नाइट का आयोजन, विजेता सम्मानित





संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने भी डांडिया एवं गरबा नाइट का आयोजन किया। आयोजन में कॉलेजों के छात्र-छात्राओं तथा फेकल्टीस शामिल हुए। संगीतमयी संध्या में छत्तीसगढ़ तथा देश के ख्याती प्राप्त डीजे ने समा बांधा। चेयरमैन संजय रूंगटा, डायरेक्टर रजनी रूंगटा, डॉ. साकेत रूंगटा, हर्षा रूंगटा, कॉलेज के प्राचार्य डीन ने माता रानी की आरती करने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की । डांडिया एवं गरबा में पुरस्कारों की झड़ियां लगी थी, जिसमें बेस्ट गरबा डॉन्स ग्रुप का पुरस्कार शीतल रूची एण्ड ग्रुप को मिला। बेस्ट रनर अप गरबा डॉन्स ग्रुप का पुरस्कार श्रेजल एण्ड ग्रुप को मिला। बेस्ट कपल में रूंगटा चितेश्री परमार एवं प्रगति को प्रथम पुरस्कार मिला। बेस्ट एकल गरबा नृत्य का पुरस्कार पुरूष प्रिंस तथा महिला में रम्या ने जीता। बेस्ट कास्ट्यूम पुरूष कुणाल, महिला रूखमणि बत्रा को मिला। रूंगटा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी भाग लिया, जिसमें जयेश एवं कुमकुम ने बेस्ट परफॉर्मेंस जीता। गरबा कॉम्पीटिशन में एक्स्पर्ट के रूप में निर्णय हेतु गुरू राखी रॉय तथा धर्मेश शाह विशेष रूप से मौजूद रहे। ऑर्गेनाइजर कमेटी की हेड डॉ. प्रीति नवीन यादव डीन एडमिनिस्ट्रेशन रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं डॉ. शिल्पी रूंगटा ने आयोजन की सरहना की। डॉ. प्रीति नवीन यादव ने आभार व्यक्त किया।

## शांतिनगर में दशहरा उत्सव 12 अक्टूबर को

**भिलाई।** शांतिनगर स्थित दशहरा मैदान मे दशहरा उत्सव का आयोजन 12 अक्टूबर को शाम 7 बजे से किया गया है। सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने बताया कि दशहरा आयोजन का यह 48 वां वर्ष है। 50 फुट ऊंचे रावण के साथ साथ 40 फुट ऊंचे मेघनाथ, कुम्भकर्ण का दहन भी किया जायेगा। साथ ही कटक एवं काकीनाडा के अतिशबाजो द्वारा रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। अध्यक्षता वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन करेंगे। विशेष रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, समाजसेवी पवन अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह छोटू, पार्षद अभिषेक मिश्रा, संतोष मौर्या मौजूद रहेंगे।

## राज्यपाल कालीबाड़ी दुर्गा पूजा उत्सव में हुए शामिल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार की शाम कालीबाड़ी वैशाली नगर पहुंचे। वे यहां दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल ने कालीबाड़ी में महाकाली मंदिर परिसर पर पंडाल में स्थापित दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। डेका लोकांगन में भी दुर्गा प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उनकी पत्नी रानी डेका, विधायक रिकेश सेन, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



---

दुर्गा पंडालों, मंदिरों, गरबा स्थलों और सार्वजनिक जगहों पर पहुंच रहे पुलिस विभाग के अफसर

# दुर्ग पुलिस का प्रयोग, डेमो दिखाकर ठगी से बचने कर रहे सावधान, टोलफ्री नंबर 1930 की भी दे रहे जानकारी

**कार्नर न्यूज**



**भिलाई।** पब्लिक को साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए पुलिस ने अनोखी पहल की है। पुलिस विभाग के आला अफसर इन दिनों दुर्गा पंडालों, मंदिरों, गरबा स्थलों और सार्वजनिक जगहों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, जहां उनके द्वारा नियमित रूप से साइबर फ्रॉड से बचाव और फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करें, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इतना ही नहीं हर किसी को टोलफ्री नंबर 1930 के बारे में बताया जा रहा है, जिसके जरिए व्यक्ति साइबर फ्रॉड से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत कर सकता है या कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकता है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला अलग-अलग जगहों पर पहुंचकर जागरुकता पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं। उन्हें साइबर फ्रॉड से बचाव के बारे में बता रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में पुलिस विभाग की टीम ने सिविक सेंटर, आईटीआई कॉलेज खुर्सीपार, पतोरा उतई, वैशाली नगर, अम्रपाली रेजिडेंसी जामुल में इवेंट भी किया।



### 200 स्टूडेंट्स और 10 हजार से ज्यादा लोगों को किया जागरूक

पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आईटीआई कॉलेज खुर्सीपार में 200 से अधिक छात्राओं को साइबर अपराधों से बचने के टिप्स दिए गए। इसी तरह वैशाली नगर, जामुल, पथरिया, खपरी अंजोरा, और अन्य गांवों में भी साइबर जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए, जिसमें 10,000 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने कहा कि साइबर फ्रॉड के खिलाफ इस लड़ाई में हम सभी को जागरूक होकर एक साथ मिलकर लड़ने की जरुरत है।

### डेमो और पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से कर रहे जागरूक

दुर्ग पुलिस की अनूठी पहल में सिविक सेंटर में श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए साइबर ठगी से संबंधित डेमो और पोस्टर प्रदर्शनी लगाई। इसमें एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी सतीश ठाकुर और सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने लोगों को ठगी से बचने के लिए जागरूक किया। सिविक सेंटर दुर्गा पंडाल में डेमो के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार साइबर ठग नए-नए तकनीकी तरीकों से लोगों को फंसाने की कोशिश करते हैं। जिस तरह मछुआरा मछली पकड़ने के लिए नदी और तालाब में जाल फेंकता है। इसी प्रकार एक साइबर ठग लोगों से साइबर फ्रॉड करने के लिए नई-नई तकनीकी अपना कर लोगों को फंसाने के लिए जाल फेंकता है।

### सोशल मीडिया प्लेटफार्म के उपयोग में सजग रहें

दुर्ग पुलिस सिविक सेंटर हेलीपैड ग्राउंड दुर्गा पंडाल में आने वाले श्रद्धालुओं को साइबर ठगी से बचाने डेमो बनाकर एवं पोस्टर की प्रदर्शनी लगाया गया है। सुखनंदन राठौर ने जागरूकता अभियान के दौरान नागरिकों को सतर्क रहने का संदेश दिया और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 का उपयोग करने की सलाह दी। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने कहा कि आमजन वाट्सएप या ई-मेल पर आए किसी भी संदिग्ध लिंक पर बैंक संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें। ऐसा करने से वे साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो सकते हैं। डीएसपी सतीश ठाकुर ने कहा कि किसी भी लोभ या लालच में आकर कोई भी जानकारी साझा न करें। सतर्क रहे जागरूक रहे।

सिटी इवेंट

## पशु संरक्षण और उनके प्रति जागरुकता फैलाने दिया संदेश



**भिलाई।** शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्राणीशास्त्र विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत दो दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं में पशु संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता फैलाना होता है। अतिथि व्याख्यान के अंतर्गत शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई की प्राणीशास्त्र, विभागाध्यक्ष, डॉ सोनिया बजाज ने प्रतिरक्षा प्रणाली के बारे में बताया जो सभी प्राणियों के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। जानकारी देते हुए कहा कि यह हमारे शरीर की कोशिकाओं, उत्तक एवं अंगों को विभिन्न प्रकार की सुरक्षा प्रणालियों के माध्यम से संक्रमणों से बचाकर शरीर की रक्षा प्रणाली के रूप में कार्य करती है।प्रतिरक्षा प्रणाली हानिकारक सूक्ष्म जीवों और अन्य रोगों को पैदा करने वाले रोगाणुओं सहित विदेशी प्रतिजनों को पहचान कर उन्हें नष्ट करने का कार्य करती है। छात्रओं ने बड़ी उत्सुकता से व्याख्यान को सुना और कई प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से अपनी व्याख्यान के प्रति रूचि प्रकट की। कार्यक्रम का संचालन तृष्टि जलतारे एवं आभार प्रदर्शन पल्लवी साहू ने किया।

■ राष्ट्रीय वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत आयोजन

जागरूकता

## एनसीसी की स्वच्छता मुहिम तालाबों से हटाया कचरा



**दुर्ग।** 37 छत्तीसगढ़ बटालियन एन सीसी दुर्ग से सम्बंधित साइंस कॉलेज एनसीसी अधिकारी एवं कैडेंट्स ने स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया। लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे ने बताया कि यह अभियान 37 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के निर्देश में किया जा रहा है, जिसमें दीपक नगर वार्ड स्थित तालाब की सफाई की गई। साथ ही स्वच्छता रैली निकालकर पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। कॉलेज के स्टूडेंट्स ने रेवा तालाब से प्लास्टिक, खंडित मूर्तियां, पूजन सामग्री व अन्य अपशिष्ट पदार्थ एकत्र किया। इसका उचित प्रबंधन किया। जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए सैनिकों ने वार्ड में रैली एवं पर्यावरण से संबंधित पोस्टर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. एमए सिद्दिकी ने अभियान को प्रोत्साहित किया। अभियान में 37 बटालियन केपीआई स्टाफ रोबिन, अंडर ऑफिसर पवन, अभिषेक, सीपीएल गिरधर, तनु, एलसीपीएल रंजन, रजनी सहित अन्य मौजूद थे।

■ साइंस कॉलेज की एनसीसी इकाई का आयोजन

समाज इवेंट

## तालपुरी में हाईमास्ट की दूधिया रोशनी, रात में भी होगी प्रैक्टिस



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकार ने मंगलवार को तालपुरी बी ब्लॉक स्थित ऑर्किड ग्राउंड में 7.63 लाख रुपए की लागत से स्थापित की गई हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण किया। चार महीने पहले स्थापित हाईमास्ट लाइट की सौगात नवरात्रि में मिलने से तालपुरीवासियों ने राहत की सांस ली है। पहले इस ग्राउंड में प्रकाश की समुचित व्यवस्था न होने से संदिग्ध जोड़ों और असामाजिक तत्वों ने डेरा बना लिया था। जिसके कारण यहां बुजुर्ग और महिलाएं तफरीह नहीं कर पाती थीं। बच्चे भी जान जोखिम में डालकर क्लब हाउस के सामने के मुख्य मार्ग को खेल का मैदान बना लिया था। लोकार्पण से पहले विधायक ने अपने लावलश्कर के साथ क्लबहाउस में स्थापित माता दुर्गा के दरबार में माथा टेक कर आराधना भी की। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकार, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, तोरण लाल सिन्हा, पार्षद सविता ढवस, रिसाली नगर निगम के अधिकारी और कार्यकर्ता भी थे। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने रुआबांधा बस्ती के लोगों द्वारा तालपुरी की चहारदीवारी के आसपास गोबर के बड़े-बड़े ढेर लगाने की शिकायत भी की, जिस पर उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के बाद उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया। यह दूसरा मौका था, जब उनका ध्यान जी का जंजाल बन चुके गोबर के ढेरों की ओर खींचा गया। इससे पहले विधायक ललित चंद्राकार ने तालपुरीवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि में न केवल गली, मोहल्ला, शहर और देश, बल्कि पूरा विश्व माता की भक्ति में लीन रहता है। इस अवसर पर उन्होंने हाईमास्ट लाइट लगाने में पार्षद सविता ढवस के प्रयासों की सराहना भी की। लोकार्पण में बी ब्लॉक एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, पूर्व उपाध्यक्ष असीम सिंह, एमआर चोपकर, ए ब्लॉक एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित कॉलोनीवासी मौजूद थे।

■ ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया लोकार्पण

● मां मंकिनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में हुआ अनुष्ठान

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तीनों माताओं की कुमकुम पूजाकर पति और संतान दीर्घायु की कामना की

**भिलाई।** सेक्टर 7 स्थित माताधाम मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव की षष्ठी को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तीन माताओं दुर्गा, मंकिनम्मा और राज राजेश्वरी की षोडशोपचार एवं अष्टोत्तर पूजा के बाद महिलाओं ने कुमकुम पूजा कर पति और संतानों की लंबी आयु और परिवार की समृद्धि की कामना की। सनातन पद्धति से किए गए इस धार्मिक अनुष्ठान में पंडित साईं प्रसाद ने पूजा स्थल पर गंगाजल, कुमकुम, चंदन, सिक्का और अक्षत भरे प्रधान कलश को स्थापित किया। उसके बाद बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने छोटे-छोटे कलशों को अपने सामने प्रतिष्ठित कर पंडित के मार्गदर्शन में कुमकुम पूजा की। पूजा के बाद आरती की गई।




### शतनामावली का पाठ कर की स्तुति

मां मंकिनम्मा जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में अनुष्ठान की शुरुआत तीनों माताओं की षोडशोपचार एवं अष्टोत्तर पूजा से हुई। षोडशोपचार पूजा के तहत देवी-देवताओं को 16 तरीकों से उपचार किए गए। इस उपचार में मंत्रों का जाप करते हुए विभिन्न प्रकार के 16 भोज्य पदार्थ अर्पित किए जाते हैं। जबकि, अष्टोत्तर पूजा के अंतर्गत अष्टोत्तर शतनामावली यानी 108 नामों का पाठ किया गया। ऐसी मान्यता है कि अष्टोत्तर शतनामावली का पाठ कर देवी-देवताओं की स्तुति करने से भक्तों को मनोवांछित फल मिलते हैं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नीलम चन्ना केशवलु, सचिव ई आदि नारायण एवं आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव ने भी माताओं की आराधना की।



### नवमी को जवांरा विसर्जन जुलूस

महोत्सव की सप्तमी यानी बुधवार को सुबह माता का विशेष रूप से श्रृंगार कर नित्य पूजा-अर्चना की जाएगी और शाम को ललिता सहस्रनामार्चना की जाएगी। ललिता पारायण के बाद माता को 56 भोग लगाए जाएंगे। इस संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि भक्तगण चाहें, तो अपने घरों से पकवान लाकर माता को अर्पित कर सकते हैं। महा अष्टमी को यज्ञ-हवन किया जाएगा तथा नवमी को कन्यापूजन व भोग के पश्चात दोपहर को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा तथा शाम को गाजे-बाजे के साथ जवारा विसर्जन जुलूस निकलेगा।



शोभायात्रा...

## नगर भ्रमण को निकलीं मां शारदा, शिव तांडव, 21 देवियों की झांकियां रही आकर्षण



**भिलाई।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अष्टमी पर मां शारदा की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने नगर भ्रमण किया। एमजी नगर कैम्प-2 से शुरू होकर शोभायात्रा जलेबी चौक, बसंत टाकीज, पावर हाउस, फ्लाई ओवर होते हुए सेक्टर-1 स्थित मां शारदा मंदिर में समाप्त हुई। इस दौरान शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण 25 लोगों की टोली का शिव तांडव नृत्य रहा, जिसमें भगवान शिव के तांडव को दर्शाया गया। इस दौरान माता पार्वती और भगवान की पूरी टोली मौजूद थी। आयोजन में 21 देवियों की झांकी भी निकाली गई। इसमें माता के रूप का दर्शन करने और सेल्फी लेने भक्तों का हुजूम उमड़ा। आयोजन समिति के राजेश गुप्ता ने बताया कि आयोजन का यह 21वां वर्ष था। लगातार आयोजन की भव्यता बढ़ते जा रही है। आयोजन में अध्यक्ष मोंटी गुप्ता, टिंकू चिरले, सोनू कुर्रे, राहुल गौर, वरिष्ठजनों में रवि त्रिलोक सिंह, मिठाई लाल, मदन गुप्ता सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### स्पाइडर मैन ने दिखाए करतब, हंसी-ठिठोली भी कराई

शोभायात्रा के दौरान स्पाइडर मैन का भेष धरे युवक ने करतब दिखाया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। इस दौरान स्पाइडरमैन ने हंसी-ठिठोली भी कराई। बच्चों को उसने खासा आकर्षित किया। इस अवसर पर धन्नू धुमाल पार्टी के गाजे-बाजे ने लोगों को थिरकने पर मजबूर किया। आयोजकों ने कहा कि आगामी दिनों में और भी भव्य आयोजन किया जाएगा।

स्टील क्लब सेक्टर-8 में आयोजन

## हरिभूमि के आयोजन की तेलंगाना से आई प्रोफेसर ने की प्रशंसा

**भिलाई।** हरिभूमि दो दिवसीय गरबा आयोजन का तेलंगाना से आई प्रोफेसर डॉ. मोनिका आर्य ने तारीफ की है। वह हैदराबाद में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

उन्होंने कहा कि हरिभूमि का यह आयोजन एक अद्भुत अनुभव वाला था। देवी देवताओं की वेशभूषा में क्या जनमानस हरिभूमि के इस आयोजन में देवभूमि की छवि प्रस्तुत कर रहा था। यह आयोजन सामाजिक एकता को पोषित करते हुए कार्यक्रम की दिव्यता को और अधिक बढ़ाने वाला रहा। यह एक स्मरणीय कार्यक्रम था। माता की आरती, गरबा, देवी देवताओं की वेशभूषा में घूमते हुए कहीं हनुमान कहानी माता का रूप कहीं काली मां, गरबे की वेशभूषा में आम जनमानस को देखकर लग रहा था, जैसे हम छत्तीसगढ़ में नहीं गुजरात के किसी हिस्से में घूम रहे हों।



■ डॉ. आर्य ने कहा-यह मेरे लिए एक अद्भुत अनुभव रहा, एकता को पोषित करने वाला

### लिटिया में कला उत्सव, कुन्दन प्रजापति सम्मानित

**भिलाई।** शासकीय उच्चतर विद्यालय लिटिया के 12बच्चों ने विकासखण्ड स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें मूर्तिकला में कुन्दन प्रजापति, नृत्य में दीपांजलि उमरे, नाटक में हिमाचल साहू, कहानी में आंचल गोस्वामी, चित्रकला में भुनेश्वरी सम्मानित की गईं। उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गगया। कला उत्सव में मूर्तिकला में कुन्दन प्रजापति ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सम्मान बढ़ाया।



गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति का आयोजन, देररात तक सजी रही महफिल

# इंडियन आइडल सिंगर मोहम्मद दानिश के लाइव परफार्मेंस पर झूम उठा पूरा शहर

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति के 57 वें वर्ष में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम इंडियन आइडल के सिंगर मोहम्मद दानिश का लाइव कान्टेस्ट आयोजित किया गया। रात 9 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चलते रहा, जिसमें दानिश के गाए गानों पर शहरवासी झूमते रहे। खासतौर पर युवाओं का भारी उत्साह देखने को मिला। इंडिया आइडल मंच से पूरे देश में अपनी पहचान बनाने वाले मोहम्मद दानिश को लाइव सुनने बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी पहुंचे। युवक युवतियों में काफी उत्साह नजर आया। आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकार, गजेन्द्र यादव, समिति के संरक्षक संतोष रूंगटा, संजय रुंगटा, यूं टोपिया के संचालक पिंटू गर्ग, पार्षद ऋषभ जैन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



### दुर्ग का स्नेह और प्यार हमेशा याद रहेगा : दानिश

मोहम्मद दानिश ने कहा कि मैंने बहुत से कार्यक्रम दिएं हैं पर जो प्यार स्नेह आप लोगों ने दिया, यह सदैव याद रहेगा। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए समिति को बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संजय रूंगटा, चतुर्भुज राठी, कृष्ण कुमार दुबे, विनित जैन, लोकेश सोलंकी, किशोर जैन, शैलेश तिवारी, सतीश कश्यप, विवेक मिश्रा, मुकेश राठी सहित अन्य मौजूद थे। समिति आगामी दिनों में और कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित किया गया है। इसमें कवि सम्मेलन प्रमुख है। समिति के अध्यक्ष रवि पीआरडी, कार्यकारी अध्यक्ष विकेश मिश्रा, महासचिव मनोज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि समिति पिछले लंबे समय से सांस्कृतिक आयोजन करते आ रही है, यह हमारे लिए गौरव की बात है कि देश-दुनिया में पहचान बनाने वाले हमारे शहर में आकर परफार्मेंस दे रहे हैं।

### इस मंच ने सैकड़ों को रातों रात स्टार बनाया: चंद्राकर

ललित चंद्राकर ने समिति के 57 वर्षों के कार्यों कि प्रशंसा करते हुए कहा कि मां भगवती का यह मंच बहुत से कलाकारों को स्टार बना दिया है। गजेंद्र यादव ने समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह शहर की सबसे पुरानी और बड़ी संस्था है। यहां आना अपने आप में गौरव की बात है। स्वागत भाषण मनोज शर्मा और आभार विकेश मिश्रा ने व्यक्त किया। मोहम्मद दानिश ने मंच में आते ही गणेश जी एवं माता के भजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद उन्होंने ने नये पुराने गीतों से वहां उपस्थित सभी युवाओं सहित कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों को झूमने मजबूर कर दिया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### भारत और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच के लिए आब्जर्वर बने प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा



**रायपुर।** कल्याण महाविद्यालय भिलाई के प्रो. प्रमोद शंकर शर्मा को बेंगलुरु में 16 अक्टूबर से भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुरू होने वाले टेस्ट मैच के लिए आब्जर्वर बनाए गए हैं। इस संबंध में प्रो प्रमोद शंकर शर्मा को बीसीसीआई ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से अवगत करा दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि छत्तीसगढ़ से किसी को क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए आब्जर्वर बनाया गया है। वे 14 अक्टूबर को बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे। प्रो. प्रमोद शंकर.शर्मा, कल्याण कॉलेज,भिलाई में वर्ष 1982 से अध्यापन कार्य करने के साथ ही क्रिकेट एकेडमी को मार्गदर्शन दे रहे हैं। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान के वे गुरु रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ में वे पिछले 6 वर्ष से वाइस प्रेसिडेंट हैं। वे छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के स्थापना काल से जुड़े हुए हैं। वहीं कॉलेज और यूनिवर्सिटी क्रिकेट से विगत 42 वर्षों से जुड़े हैं।वे आगरा विश्वविद्यालय की ओर से बतौर खिलाड़ी क्रिकेट की कई प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व किया है।

### सिडनी में वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे मोनू गोस्वामी




**रायपुर।** आस्ट्रेलिया के सिडनी में 11 से 13 अक्टूबर को वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छग के गौरेला पेंड्रा मरवाही के खिलाड़ी मोनू गोस्वामी हिस्सा लेंगे। बता दें कि उज्जैन के नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सर्वाधिक वजन उठाने के कारण से किया गया था। वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग इंडिया एसोसिएशन ऑफ छग के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि 12 अक्टूबर को मोनू गोस्वामी का मैच सिडनी में होगा। खेल विभाग और सांसद व विधायक ने जीत पर आर्थिक मदद देना का आश्वासन दिया है। मोनू गोस्वामी सुपर हैवी वेट के खिलाड़ी है, इसलिए मेडल मिलने की संभावना दिख रही है।

### आलोक की अर्धशतकीय पारी से छग ने जीता मैच



बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 19 विनुमांकड वनडे ट्राफी का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा वन डे मैच गुरुवार को हैदराबाद में बिहार अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.2ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 197 रन बनाए। बिहार की ओर से आदित्य सिंन्हा ने 63 रन तथा कप्तान आलम ने 51 रन बनाए। छत्तीसगढ़ अंडर 19 टीम की ओर से विकल्प तिवारी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवरों में 41 रन देकर 6 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर 19 की टीमने 34.1 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आलोक कुमार गुप्ता ने सर्वाधिक 64 रन बनाए। साथ हीसाहिलरजत शरीफ ने 57 रन तथा विकल्प तिवारी ने नाबाद 41 रनों का योगदान दिया। बिहार की ओर से भरत तथा सत्यम ने 2-2 विकेट प्राप्त किए।

### चोटी बनाने के बाद भी निकलने लगते हैं बाल, तो ये टिप्स आएंगे काम



कई बार ऐसा होता है कि हम चोटी बनाते हैं और उसमें से बाल निकलने लगते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप इसे फिक्स करने का सही तरीका जानें। इससे आपका हेयर स्टाइल अच्छा लगेगा। बाल छोटे हो या बड़े हेयर स्टाइल बनाना हम सभी को पसंद होता है। कई बार ऐसा होता है कि हम कुछ अलग ट्राई करते हैं लेकिन इससे बाल अच्छे नहीं लगते हैं। ब्रेड हेयर स्टाइल में अक्सर ऐसी दिक्कत होती है। जब भी हम चोटी बनाते हैं, तो उसमें से कुछ एक्स्ट्रा बाल निकलने लगते हैं। इसकी वजह से हमें हेयर पिन या दोबारा इसे बनाना पड़ता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसे ट्रिक्स के बारे में बताएंगे। जिसे ट्राई करके आप भी अपनी चोटी में से निकले हुए बालों को फिक्स कर सकती हैं। अगर आप ब्रेड हेयर स्टाइल बना रही हैं और इसमें से भी बाल निकल रहे होते हैं, तो इसके लिए आप हेयर स्प्रे का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको

## एंटीऑक्सीडेंट्स समेत कई पोषक तत्वों से भी भरपूर

# विटामिन- सी का बेहतरीन स्त्रोत है आंवला बनाएं तरह-तरह के व्यंजन, आसान है रेसिपी

आंवला को भारतीय गूसबेरी भी कहा जाता है, जिसे विटामिन-C का बेहतरीन स्त्रोत माना जाता है और यह एंटीऑक्सीडेंट्स समेत कई पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। आंवला का उपयोग कई प्रकार के व्यंजनों में किया जा सकता है, जो न केवल स्वादिष्ट हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हैं। आइए आज हम आपको आंवला के उपयोग से बनाए जाने वाले व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप अपने घर पर आसानी से बना सकते हैं।



### आंवले की सब्जी

आंवले की सब्जी एक अनोखा व्यंजन है, जिसे आप रोजाना के खाने में शामिल कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आंवलों को धोकर छोटे टुकड़ों में काट लें। अब कढ़ाई में तेल गर्म करके उसमें जीरा, हींग, हल्दी और धनिया पाउडर डालें। इसके बाद इसमें कटे हुए आंवले डालकर धीमी आंच पर पकाएं। अंत में नमक और अन्य मसाले डालकर अच्छी तरह मिलाएं और गर्मागर्म परोसें। यह सब्जी स्वादिष्ट है।

### आंवला कैंडी

आंवला कैंडी एक मीठा और खट्टा स्नैक है, जिसे बच्चे और बड़े दोनों पसंद करते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आंवलों को धोकर छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर इन्हें बिना तार वाली चाशनी में डालकर कुछ मिनट पकाएं। इसके बाद इन टुकड़ों को धूप में सुखाएं या ओवन में बेक करें जब तक कि वे सूख न जाएं। सूखने के बाद इन्हें एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें और जब मन चाहे खाएं।

### आंवले का अचार

इसे बनाने के लिए सबसे पहले आंवलों को धोकर धूप में सुखा लें, फिर उन्हें हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, मेथी दाना और सरसों के तेल के मिश्रण में मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को धूप में रखें ताकि मसाले अच्छे से मिल जाएं और अचार तैयार हो सके। 5 से 6 दिनों बाद आपका अचार खाने लायक हो जाएगा और इसका स्वाद लाजवाब होगा।

### आंवले का मुरब्बा

आंवले का मुरब्बा एक पारंपरिक मिठाई है, जो सर्दियों में विशेष रूप से लोकप्रिय है। इसे बनाने के लिए आंवलों को छीलकर इनमें छेद कर लें ताकि चाशनी अंदर तक पहुंच सके, फिर इन्हें पानी में उबालकर नरम कर लें और ठंडा होने दें। अब एक पैन में बिना तार वाली चाशनी तैयार करें, फिर उसमें इलायची का पाउडर और उबले हुए आंवलों को डालकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि चाशनी गाढ़ी न हो जाए।



### आंवले की चटनी

आंवले की चटनी तीखी और मसालेदार होती है, जो किसी भी भोजन का स्वाद बढ़ा देती है। इसे बनाने के लिए ताजे आंवलों को धोकर छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर उन्हें हरी मिर्च, पत्तेदार धनिया, अदरक, नमक और नींबू रस के साथ पीस लें। इस मिश्रण को अच्छी तरह मिलाकर एक चिकना पेस्ट बना लें। अब तैयार चटनी को एक कंटेनर में डालकर फ्रिज में स्टोर करें और जब चाहें खाएं।



## घर पर रखे सेब को न होने दें खराब, बनाएं स्वादिष्ट मक्खन काफी आसान है रेसिपी

अगर घर में काफी ज्यादा सेब इकट्ठे हो गए हैं और आपके हिसाब से उन्हें खत्म करने के लिए पर्याप्त लोग या समय नहीं है तो उन्हें खराब होने से बचाने के लिए उनसे मक्खन यानि कि जैम जेली बनाएं। यह सेबों का अच्छा इस्तेमाल करने का अच्छा तरीका हो सकता है और इससे आपको सेब में मौजूद गुण भी मिलेंगे। आइए आज हम आपको सेब के मक्खन की रेसिपी बताते हैं, जिसे आप रोटी या ब्रेड आदि पर लगाकर खा सकते हैं।

### सेब का मक्खन बनाने आवश्यक सामग्री

सेब का मक्खन एक तरह से जैम या जेली जैसा होता है, जिसे आप रोटी, ब्रेड, बिस्कुट आदि के लिए स्प्रेड के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आइसक्रीम पर टॉपिंग के रूप में डाल सकते हैं। इसे बनाने के लिए आपको सेब, एक कप सफेद चीनी, एक कप ब्राउन शुगर, एक बड़ी चम्मच दालचीनी का पाउडर, थोड़ा जायफल का पाउडर, थोड़ा लौंग का पाउडर, एक चौथाई छोटी चम्मच नमक और एक नींबू के रस की जरूरत पड़ेगी।

### इस तरह से सेब का मक्खन बनाने की करें शुरूआत

आपके घर में जितने भी सेब रखे हैं, उन्हें सबसे पहले अच्छे से धोकर उनके छीलके छील लें। इसके बाद सेबों को टुकड़ों में काटकर एक बड़े बर्तन में नींबू के रस के साथ डालें, फिर इसे मध्यम आंच पर तब तक पकाएं जब तक कि सेब अपना रस न छोड़ने लगे या नरम न हो जाएं। इसमें



लगभग 10 मिनट का समय लग सकता है, लेकिन मिश्रण को बीच-बीच में करछी से हिलाते रहें।

### सेब में मिलाएं सारी सामग्रियां

जब सेब नरम हो जाएं तो उसमें दालचीनी, जायफल, लौंग और नमक डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण में सफेद चीनी और ब्राउन शुगर मिलाएं और चीनी के घुलने तक इसे बीच-बीच में करछी से हिलाते हुए मध्यम आंच पर पकाते रहें। लगभग एक घंटे के बाद सेब की स्थिरता गाढ़ी हो जाएगी, फिर गैस को बंद करके मिश्रण को कमरे के तापमान पर ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

### सेब के मक्खन को ऐसे करें स्टोर

जब आपको लगे कि सेब का मिश्रण ठंडा हो गया है तो इसे एक साफ मिक्सर जार में डालकर अच्छे से पीसें। इसके बाद इस पेस्ट को एक एयरटाइट कंटेनर में डालें। आप इसे फ्रिज में स्टोर करके 3 सप्ताह तक ठीक रख सकते हैं, जबकि फ्रीजर में रखने से इसे फ्रीजर में संग्रहीत किया जा सकता है। यहां जानिए सेब की रबड़ी बनाने का आसान तरीका।

## बालों का विकास करने में मदद कर सकता है रोजमेरी का तेल, ऐसे करें इस्तेमाल

रोजमेरी का तेल बालों की देखभाल में एक अहम भूमिका निभाता है। यह तेल न केवल बालों को मजबूत बनाता है, बल्कि उनका विकास भी करता है। रोजमेरी का तेल में मौजूद प्राकृतिक तत्व बालों के रोमछिद्रों को सक्रिय करते हैं और उन्हें पोषण देते हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि इस एसेंशियल ऑयल का उपयोग कैसे करें ताकि आपके बाल स्वस्थ, घने और चमकदार बने रहें। नियमित उपयोग से आपको अपने बालों में फर्क महसूस होगा।

### सिर की मालिश करें

रोजमेरी तेल से सिर की मालिश करने से रक्त संचार बढ़ता है, जिससे बालों के रोमछिद्र सक्रिय होते हैं और बालों की लंबाई में सुधार होता है। इसके लिए थोड़े से रोजमेरी तेल को हल्का गर्म करें और उंगलियों की मदद से धीरे-धीरे सिर पर मालिश करें। इसे 15-20 मिनट तक छोड़ दें और फिर शैंपू कर लें। नियमित रूप से ऐसा करने पर आपको अपने बालों में मजबूती और घनापन महसूस होगा।



### शैंपू में मिलाएं

आप अपने नियमित शैंपू में भी रोजमेरी तेल मिला सकते हैं। इसके लिए अपने शैंपू की बोतल में कुछ बूंदें रोजमेरी तेल डालें और अच्छी तरह मिलाएं। हर बार जब आप बाल धोएं तो इस मिश्रण का उपयोग करें। इससे आपके बाल साफ होने के साथ-साथ मजबूत और स्वस्थ भी होंगे। यह तरीका बालों की लंबाई को बढ़ाने में मदद करता है और उन्हें चमकदार बनाता है।

### हेयर मास्क बनाएं

रोजमेरी तेल का हेयर मास्क बनाना भी एक अच्छा विकल्प है। इसके लिए एक कटोरी में दही या एलोवेरा जेल लें और उसमें कुछ बूंदें रोजमेरी तेल मिलाएं। इस मिश्रण को अपने बालों पर अच्छी तरह लगाएं और 30 मिनट तक छोड़ दें, फिर सामान्य पानी से धो लें। यह मास्क आपके बालों को गहराई से पोषण देगा और उन्हें चमकदार बनाएगा, जिससे बाल मजबूत और स्वस्थ दिखेंगे।

## त्योहारों पर बनाकर खाएं बिना चीनी वाली मिठाइयां, शुगर व वजन बढ़ने की नहीं होगी चिंता



नवरात्रि का त्योहार मां दुर्गा के 9 रूपों को पूजने का पर्व है, जो 9 दिनों तक चलता है। इस त्यौहार के बाद करवा चौथ, दीपावली, देवउठनी ग्यारस जैसे बड़े त्योहार आएंगे जिसमें कई तरह के स्वादिष्ट पकवान बनाए जाते हैं, जिन्हें खाकर मन तृप्त हो जाता है। हालांकि, मिठाइयां खाने से पहले सभी को वजन बढ़ने की चिंता सताने लगती है। इस लेख में आज हम आपको बिना चीनी वाली कुछ मिठाइयों की रेसिपी बताएंगे। इन मिठाइयों को खाकर आपको शुगर और वजन नहीं बढ़ेगा और आपको भरपूर स्वाद भी मिलेगा।

**शकरकंद का हलवा** -बिना चीनी वाला पौष्टिक शकरकंद का हलवा बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में घी डालकर उसे गर्म होने दें। अब इसमें बारीक कटे काजू, बादाम, किशमिश, पिस्ता और अखरोट डालकर भून लें। शकरकंद को उबालकर छील लें और हाथों से मीस लें। अब इसे पैन में डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। इसमें गुण का पाउडर, केसर और इलायची डालें और लगातार मिलाते रहें। इसे कटोरियों में परोसें और ऊपर से बारीक कटे सूखे मेवे भी छिड़क दें।

**सूखे मेवों और चॉकलेट के लड्डू** -सबसे पहले अंजीर और खजूर को मिक्सी में डालकर पीस लें। अब काजू, बादाम, किशमिश, अखरोट, पिस्ता और चिरौंजी को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। एक पैन को गैस पर चढ़ाएं और उसमें 2 चम्मच घी डालकर गर्म होने दें। अब इसमें सभी सूखे मेवों और अंजीर व खजूर का पेस्ट डालें और अच्छी तरह भूनें। इस मिश्रण के गोल-गोल लड्डू बनाएं और उन्हें पिघली हुई डार्क चॉकलेट में डुबोकर फ्रिज में रख दें।

**कुट्टू के आटे का चॉकलेट केक** -कुट्टू के आटे का चॉकलेट केक बनाने के लिए सबसे पहले चॉकलेट को पिघला लें। अब एक कटोरे में मथे हुए केले, घी, पिसी चीनी और दही को मिलाएं। अब इसमें कुट्टू का आटा, कोको पाउडर, चुटकी-भर सेंधा नमक और वेनिला का अर्क मिलाएं। केक बनाने वाले सांचे में घी लगाकर उसमें मिश्रण को डालें और ऊपर से पिघली हुई चॉकलेट भी डाल दें। इसे ओवन में बेक करें और आनंद लेकर खाएं।

**कार्नर न्यूज**

## हर पुरुष की अलमारी में जरूर होनी चाहिए ये स्टाइलिश चीजें

# घर पर भी आराम और स्टाइल दोनों का रखना पड़ता है ख्याल, खासकर पुरुषों को

छुट्टियों का समय आते ही हर किसी को आराम और स्टाइल दोनों का ख्याल रखना पड़ता है। खासकर भारतीय पुरुषों के लिए, जो अपने फैशन को लेकर सजग रहते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि छुट्टियों के दौरान आपकी अलमारी में कौन-कौन सी चीजें होनी चाहिए ताकि आप न केवल आरामदायक महसूस करें बल्कि स्टाइलिश भी दिखें। सही कपड़ों का चुनाव आपकी छुट्टियों को और भी मजेदार बना सकता है।



### हल्के सूती कपड़े देते हैं राहत, दिखते हैं स्टाइलिश

गर्मियों की छुट्टियों में हल्के सूती कपड़े सबसे अच्छे होते हैं। ये कपड़े न केवल त्वचा को हवा लगने देते हैं बल्कि पसीना भी जल्दी सोख लेते हैं, जिससे आप तरोताजा महसूस करते हैं। सूती शर्ट और टी-शर्ट आपके लुक को सरल और आकर्षक बनाते हैं। इन्हें जींस या शॉर्ट्स के साथ पहन सकते हैं, जिससे आपका लुक कूल और आरामदायक लगेगा। इस तरह के कपड़े आपको गर्मी से राहत दिलाते हैं और स्टाइलिश भी दिखाते हैं।

### रंग-बिरंगे शॉर्ट्स

छुट्टियों में रंग-बिरंगे शॉर्ट्स पहनना एक अच्छा विकल्प है। ये न केवल आपको ताजगी का एहसास कराते हैं बल्कि आपके लुक को भी नया अंदाज देते हैं। सूती या लिनन के शॉर्ट्स चुनें, जो राहत दिलाएं और स्टाइलिश भी दिखें। हल्की टी-शर्ट या पोलो शर्ट के साथ इन्हें पहन सकते हैं, जिससे आपका लुक कूल और आरामदायक लगेगा। इस तरह के शॉर्ट्स आपको आराम और स्टाइल दोनों का अनुभव कराते हैं।

### हल्की जैकेट

अगर आप ऐसी जगह जा रहे हों, जहां मौसम ठंडा हो सकता है तो एक हल्की जैकेट जरूर साथ रखें। यह आपको ठंड से बचाएगी और आपका लुक भी शानदार बनाएगी। डेनिम या बॉम्बर जैकेट अच्छे विकल्प हो सकते हैं, जिन्हें आप किसी भी आउटफिट पर आसानी से पहन सकते हैं। इस तरह की तैयारी करके आप अपनी छुट्टियां बिना किसी परेशानी के मजे ले सकेंगे और हमेशा स्टाइलिश दिखेंगे।

### सनग्लासेस और टोपी

धूप से बचाव के लिए सनग्लासेस और टोपी जरूर रखें। ये न केवल आपकी आंखों को धूप से बचाते हैं बल्कि आपके लुक को भी खास बनाते हैं। सनग्लासेस चुनते समय ध्यान दें कि वे यूवी प्रोटेक्शन वाले हों ताकि आपकी आंखों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। टोपी भी आपके सिर को धूप से बचाती है और आपको स्टाइलिश लुक देती है। इस तरह आप धूप में भी आरामदायक और आकर्षक दिख सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस्टोफर नोलन मैट डेमन के साथ फिर ला रहे हैं एक बड़ी फिल्म


ऑस्कर विजेता डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपनी नई फिल्म के लिए फिर से यूनिवर्सल और एक्टर मैट डेमन के साथ काम करने जा रहे हैं। यह फिल्म 17 जुलाई, 2026 को रिलीज होगी।



नोलन की पिछली फिल्म 'ओपेनहाइमर' को ऑस्कर में कई नॉमिनेशंस और 8 अवॉर्ड मिले थे। मैट डेमन, नोलन की साल 2014 में आई फिल्म 'इंटरस्टेलर' और 'ओपेनहाइमर' (2023) में नजर आए थे। पिछले साल, नोलन की फिल्म ओपेनहाइमर में परमाणु बम के डेवलपमेंट में जे. रॉबर्ट की भूमिका शानदार रही। ऑस्कर में इस फिल्म को जमकर नॉमिनेशंस मिले और उनमें से 8 अवॉर्ड फिल्म ने अपने नाम किया। 'ओपेनहाइमर' के लिए नोलन को बेस्ट डायरेक्टर का ऑस्कर अवॉर्ड मिला। यह फिल्म नोलन की करीब 20 साल में वार्नर ब्रदर्स से अलग हटकर पहली फिल्म थी। इस स्टूडियो के लिए, उन्होंने 'डार्क नाइट', ट्रायोलॉजी और 'डनकर्क' और 'इनसेप्शन' समेत कई हिट फिल्मों का निर्देशन किया। ओपेनहाइमर 21 जुलाई को रिलीज़ हुई थी, जिसमें रयान गोसलिंग और मार्गोट रोबी लीड रोल में हैं। ये कहानी सेकंड वर्ल्ड वॉर पर सेट की गई एक बायोपिक फिल्म है। ये भौतिक विज्ञानी जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर की कहानी पर बेस्ड है, जिन्हें परमाणु बम का आविष्कारक कहा जाता है।

### टॉलीवुड

## एस एस राजामौली की इन फिल्मों ने रचा इतिहास, बना चुके हैं कई रिकॉर्ड



एस एस राजामौली को हिट मशीन कहा जाए तो गलत नहीं है। साउथ सिनेमा के इस दिग्गज निर्देशक ने अपने करियर में एक भी फ्लॉप फिल्म नहीं दी है। साथ ही 'मगधीरा', 'बाहुबली' और 'आरआरआर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का निर्माण कर इंडस्ट्री को नया आयाम दिया है। राजामौली ने अपनी फिल्म 'आरआरआर' के गाने 'नाटू नाटू' के लिए ऑस्कर अवॉर्ड जीतकर दुनियाभर में देश का गौरव बढ़ाया। राजामौली का जन्म साल 1973 में कर्नाटक के रायचूर में हुआ था। राजामौली की पहली फिल्म जूनियर एनटीआर के साथ 'स्टूडेंट नंबर 1' थी, जो हिट साबित हुई। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और बेहतरीन फिल्में बनाते गए। दो साल बाद उन्होंने जूनियर एनटीआर के साथ मिलकर 'सिम्हाद्री' बनाई जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इसके बाद वह 'साई' के साथ दोबारा लौटे और अपने हिट फिल्मों का सिलसिला जारी रखा। 'साई' के बाद 'छत्रपति', 'विक्रमर्कुडु', 'यामाडोंगा', 'मगधीरा' और 'मर्यादा रमन्ना' जैसी बैक टू बैक ब्लॉकबस्टर फिल्में देकर राजामौली तेलुगु सिनेमा में छा गए। उनकी हिट फिल्मों की भूख यही खत्म नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने 'ईगा' फिल्म बनाई जो सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म को साउथ के साथ हिंदी पट्टी में भी काफी पसंद किया गया था। हिंदी में इसे 'मक्खी' के नाम से जाना जाता है। 'ईगा' के बाद राजामौली 'बाहुबली', 'बाहुबली 2' और 'आरआरआर' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं। राजामौली ने अपनी शानदार फिल्मों के जरिए सामंथा रुथ प्रील, राम चरन तेजा, रवि तेजा, प्रभास, नितिन और जूनियर एनटीआर जैसे कलाकारों को सुपरस्टार बना दिया।

### भोजपुरी

## 'राजाराम' के 'चुम्मा-चुम्मा' गाने में छा गए खेसारी-आकांक्षा



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल की फिल्म 'राजाराम' का नया 'चुम्मा-चुम्मा' रिलीज हो गया। इस गाने में अभिनेता की केमिस्ट्री आकांक्षा पुरी के साथ जमी है। आकांक्षा पहली दफा किसी भोजपुरी गाने में नजर आई हैं। इस गाने में आकांक्षा और खेसारी ने धमाकेदार डांस किया है। लेकिन, उससे भी ज्यादा जबर है खेसारी का अंदाज। अभिनेता लंबे बालों वाले लुक में बिल्कुल जुदा लग रहे हैं। यह 'राजाराम' फिल्म का पहला गाना है। यह गाना दरअसल, अमिताभ की फिल्म 'हम' के गाने 'चुम्मा चुम्मा' का भोजपुरी वर्जन है। 'हम' में यह गाना अमिताभ बच्चन और किमी काटकर पर फिल्माया गया था। गाना हिट रहा था। अब 'राजाराम' का चुम्मा चुम्मा खेसारी लाल यादव और मीका दी वोटी विनर आकांक्षा पुरी पर फिल्माया गया है। खेसारी और आकांक्षा पर फिल्माया गया यह गाना शिल्पी राज और खेसारी ने गाया है। सारेगामा के इंस्टा हैंडल से इस गाने को रिलीज करने की जानकारी साझा की गई है और लिखा है, 'इस गाने को बहुत प्यार दीजिए। इस पर रील्स बनाइए'। इस पर फैंस कमेंट कर रहे हैं कि 'गर्दा उड़ा दिया'। फैंस को खेसारी का अंदाज बहुत शानदार लगा है। उनकी फिटनेस देखते बन रही है। साथ ही लंबे बालों में वह जम रहे हैं। फिल्म 'राजाराम' को निर्माता पराग पाटिल और आर आर प्रिंस बना रहे हैं। इस फिल्म के जरिए आकांक्षा ने भोजपुरी सिनेमा में एंट्री ली है। गाने में उनका अंदाज काफी हॉट है। फिल्म के इस 'चुम्मा चुम्मा' गाने के गीतकार पिंकू बाबा हैं और संगीतकार विनय विनायक। गाने को मिल रहे प्यार के लिए खेसारी ने फैंस का शुक्रिया अदा किया है।

## वियर करें सीक्वेंस वर्क वाली साड़ी

लाइफ स्टाइल



साड़ी में आपका लुक रॉयल नजर आता है और कई सारे मौकों पर महिलाएं इन्हें वियर करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप करवा चौथ के मौके पर साड़ी पहन रही हैं और इस मौके पर खास लुक चाहती हैं तो, आप सेक्विन वर्क वाली साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। ये साड़ी आप अन्य खास मौकों पर भी पहन सकती हैं और इस तरह की साड़ी में आपका लुक रॉयल भी नजर आएगा। इस साड़ी के साथ आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं साथ सिल्वर कलर की ज्वेलरी भी स्टाइल कर सकती हैं।

## हर तरह के हाथों की खूबसूरती को दोगुना करेंगे चौड़े डिजाइन वाले कंगन, रंग-बिरंगी चूड़ियों के साथ करें सेट

फेस्टिव सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में दशहरा, करवाचौथ, अहोई अष्टमी सहित कई अन्य त्यौहार आने वाले हैं। इस मौके पर हम अक्सर अपने लुक को काफी समय लगाकर तैयार करते हैं ताकि सबसे अलग दिखें। वहीं सुहागनें पति की लंबी आयु के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। बात अगर लुक की करें तो ज्वेलरी सूट से लेकर साड़ी तक के साथ पहनी जाती है। हाथों की बात करें तो चूड़ियों के साथ कंगन पहनने का आजकल ट्रेंड चल रहा है। मार्केट में एक से बढ़कर एक खूबसूरत डिजाइन वाले कंगन मिल रहे हैं जिन्हें पहनने के बाद आपके हाथों की खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे।

### लाक के कंगन सेट

जयपुर में सबसे ज्यादा बनाए जाने और बिकने वाले लाक कंगन कई डिजाइनों में मिलता है जो बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करते हैं। इसमें आपको कई तरह के स्टोन, पिक्चर आर्ट और अन्य डिजाइंस



देखने को मिल जाएंगे। सबसे ज्यादा इसमें रेड-ग्रीन कलर पसंद किया जाता है। इसके अलावा आपको इसमें मल्टी-शेड में ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन देखने को मिल जाएंगे।

### गोल्ड के कंगन सेट

गोल्ड के कंगन सेट हम सभी पहनना पसंद करते हैं। इसमें आपको हैवी वर्क से लेकर ग्रीन-मैरून स्टोन वर्क तक में कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो चौड़े डिजाइन में इसमें ऊपर बंद होने वाली यानी हैण्डकफ डिजाइन के कंगन सेट आपको मार्केट में देखने को मिल जाएंगे।

### डोली डिजाइन कंगन सेट

अगर आपकी नई-नई शादी हुई है तो इसमें आप डोली के डिजाइन वाले कंगन के सेट खुद बना सकती हैं। इसमें आप एक से दो डोली वाले कंगन के साथ में बारीक डिजाइन के स्टाइलिश कंगन साथ में सेट बनाकर हाथों में पहन सकती हैं। देखने में यह डिजाइन बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करता है।

### कुंदन डिजाइन कंगन सेट

कुंदन डिजाइन में आपको कई तरह के वर्क और स्टोन वाले डिजाइंस के कंगन देखने को मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो आर्टिफिशियल डिजाइन में आप केवल एक या 2 कंगन को हथेली में पहन सकती हैं। चाहें तो चूड़ियों के बीच में एक-एक कंगन लगाकर भी आप हाथों को आकर्षक लुक दे सकती हैं।

## फेस्टिवल सीजन में जब पहनेंगी रेडीमेड फैंसी सलवार-सूट तो लोगों की नहीं हटेगी नजर

फैशन



सलवार-सूट पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसमें आपको अलग-अलग डिजाइंस मार्केट में देखने को मिल जाएंगे। बात अगर आज चल रहे डिजाइन की करें तो इसमें स्लीवलेस यानी बिना बाजू के सूट को काफी पसंद किया जाने लगा है। देखने में यह काफी मॉडर्न लुक देने का काम करते हैं। तो आईए देखते हैं स्लीवलेस डिजाइन के सलवार-सूट, जिन्हें आप फेस्टिव सीजन से लेकर फॉर्मल इवेंट तक के लिए ट्राई कर सकते हैं।

### गोटा-पट्टी सूट डिजाइन



सलवार-सूट में आप फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह से घेरे में गोटा-पट्टी या कोई अन्य फैंसी लेस लगवा सकती हैं। इस तरह के सूट आप अलग से फैब्रिक खरीदकर खुद कस्टमाइज करवा सकती हैं। हैवी दुपट्टे के साथ में लुक को कम्प्लीट करें। स्ट्रैप के लिए आप पतले डिजाइन के नूडल स्ट्रैप स्लीवलेस डिजाइन को चुन सकती हैं।

### फ्लोरल सूट डिजाइन

एवरग्रीन फैशन में फूल-पत्ती डिजाइन यानी फ्लोरल डिजाइंस को सबसे ज्यादा पहनना पसंद किया जाता है। इसमें आपको ज्यादातर पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन ज्यादा देखने को मिलेंगे। डेली वियर के लिए आप इसमें स्ट्रैट स्टाइल का डिजाइन बनवा सकती हैं। डिजाइन वाली पैन्ट्स मोहरी के साथ यह सिंपल लुक भी काफी स्टाइलिश लगेगा।

### चिकनकारी सूट डिजाइन

अगर आप फ्रेश लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के ऑम्ब्रेचिकनकारी डिजाइन के लॉन्ग सूट आप पहन सकती हैं। इसमें आपको पूरे सूट में चिकनकारी थ्रेड वर्क किया हुआ डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। लुक में जान डालने के लिए आप पर्ल वर्क ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। पैन्ट्स या चूड़ीदार पाजामी के साथ में इस लुक को कम्प्लीट किया जा सकता है।

## अहोई अष्टमी के लिए खास हैं जॉर्जेट साड़ियां लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से करें चयन

कई युवतियां केवल किसी न किसी खास मौके पर ही साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में अहोई अष्टमी आने वाली है और इस दिन मां अपने बेटे की लंबी आयु के लिए उपवास रखती हैं। पूजा के दौरान ज्यादातर साड़ी ही पहनी जाती है। साड़ी में आपको काफी सारे डिजाइंस और फैब्रिक देखने को मिल जाएंगे, लेकिन हम आपको बताएंगे फैंसी लुक देने वाली जॉर्जेट साड़ियों के साथ ही लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### फ्लोरल डिजाइन जॉर्जेट साड़ी

फ्लोरल डिजाइन एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है। इस तरह की साड़ी में आपको ज्यादातर बॉर्डर और साड़ी के पल्लू में देखने को मिलेगा। वहीं सोबर लुक चाहती हैं तो इसमें आप पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन की साड़ियां ट्राई कर सकती हैं। लुक में जान डालने के लिए पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक को ट्राई कर सकती हैं।

### गोटा-पट्टी डिजाइन जॉर्जेट साड़ी



फैंसी डिजाइन में साड़ी ढूंढ रही हैं तो किसी भी प्लेन साड़ी में अपनी पसंद की गोटा-पट्टी लेस लगवा सकती हैं। इसमें आप एक से ज्यादा डिजाइन की लेस भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ में आप कानों में गोल्डन झुमकी को पहन सकती हैं। देखने में इस तरह का लुक काफी मिनिमल और फैंसी लुक देने में मदद करता है।


### मल्टी-शेड जॉर्जेट साड़ी

आखिरी साल आलिया भट्ट ने एक फिल्म के दौरान एक के बाद एक जॉर्जेट साड़ी को पहना था, जिसके बाद बॉलीवुड स्टाइल प्लेन साड़ी काफी चर्चा में नजर आई हैं। ऐसे में मल्टी-शेड के कलर कॉम्बिनेशन वाली साड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है।

## करवाचौथ के लिए खास हैं मंगलसूत्र की नई डिजाइनें, चुनें नेकलाइन और फेस शेप के मुताबिक

हिंदू धर्म में सुहागनों के लिए मंगलसूत्र का महत्त्व अधिक होता है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस और वेरायटी देखने को मिल जाएंगी। आजकल वैसे तो छोटे साइज के मिनिमल डिजाइन वाले मंगलसूत्र ज्यादा पहनें जाते हैं, लेकिन अगर आप किसी खास मौके के लिए तैयार हो रही हैं तो हैवी और फैंसी डिजाइन के मंगलसूत्र आपके लिए बेस्ट रहेंगे। आप चाहें तो गले में हैवी नेकपीस की जगह पर केवल मंगलसूत्र पहन सकती हैं।

**स्टोन मंगलसूत्र डिजाइन-** स्टोन डिजाइन में आपको डेली वियर से लेकर सिंपल और हैवी डिजाइन के मंगलसूत्र में आपको कई सारे डिजाइंस में कलेक्शन देखने को मिल जाएंगी। इसमें आप



डेली वियर के लिए सिंगल या 3 स्टोन वाले मंगलसूत्र को गले में पहन सकती हैं। इस तरह की मंगलसूत्र के साथ में आपको साथ में छोटे साइज के नाग वाले इयररिंग्स भी साथ में मिल जाएंगे।

**गोल्ड मंगलसूत्र डिजाइन-** हैवी डिजाइन के मंगलसूत्र आजकल सिर्फ बड़े-बड़े त्योहारों और शादियों में पहनें जाते हैं। ज्यादातर गोल्ड के मंगलसूत्र केवल शादी के टाइम या किसी न खास मौके के लिए पहना जाता है। वहीं अगर आप इतना महंगा मंगलसूत्र नहीं पहनना चाहती हैं तो इसमें आपको आर्टिफिशियल डिजाइन में भी कई मंगलसूत्र देखने को मिल जाएंगे।

**डायमंड मंगलसूत्र डिजाइन-** डायमंड ज्वेलरी हम सभी पहनना पसंद करते हैं। इसमें आपको रूबी या एमरल्ड यानी मैरून और ग्रीन डायमंड स्टोन में कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इसमें आपको किसी भी आकर जैसे स्टार, मून, मोती, पीकॉक डिजाइन जैसे अन्य कई सारे मंगलसूत्र देखने को मिल जाएंगे। आजकल इसमें आपको आर्टिफिशियल डायमंड में काफी बड़ा कलेक्शन देखने को मिल जाएगा।

कार्नर न्यूज

## खूबसूरत के साथ ही साथ नजर आएगा सबसे अलग लुक

# गरबा नाइट पर ब्यूटीफुल लुक पाने वियर करें ये फ्लोरल पैटर्न गाउन, देखें डिजाइंस

*नवरात्रि की नवमी पर कई जगहों पर गरबा नाइट्स का आयोजन किया जाता है। इस खास मौके पर महिलाएं बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं लेकिन, अगर आप कुछ न्यू पहनने का सोच रही हैं तो आप ये फ्लोरल पैटर्न गाउन का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा तो वहीं आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।*



### डिजिटल फ्लोरल प्रिंट गाउन

डिजिटल फ्लोरल प्रिंट गाउन भी आप इस खास मौके पर वियर कर सकती हैं। इस गाउन में डिजिटल प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट बनाया हुआ है। इस आउटफिट में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इस आउटफिट की आप ऑफलाइन या ऑनलाइन दोनों ही 1,000 से 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं।



### एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्लोरल प्रिंट गाउन

गरबा नाइट पर ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्लोरल प्रिंट गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं। यह गाउन फ्लोरल प्रिंट में है और इस गाउन में बेहद ही खूबसूरत फ्लोरल प्रिंट किया है। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्लोरल प्रिंट गाउन को आप 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्लोरल प्रिंट गाउन के साथ आप पर्ल या कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

### थ्रेड वर्क फ्लोरल प्रिंट गाउन

न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का थ्रेड वर्क फ्लोरल प्रिंट गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं। इस आउटफिट में थ्रेड वर्क किया हुआ है साथ ही इसमें फ्लोरल प्रिंट भी किया हुआ है। यह आउटफिट गरबा नाइट पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है और इस आउटफिट को आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह का गाउन ट्राई कर सकती हैं।